CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 09°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 258 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई पेज 2




भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 2024 में 260 सैंपल पॉजिटिव खेल टाइम्स



दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है सम्पादकीय



भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत पेज 12

# भारी हंगामे के बीच वीबी जी-राम जी विधेयक पारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी (विकसित भारत जी राम जी) विधेयक 2025 पारित किया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का स्थान लेने वाले वीबी जी-राम जी विधेयक पर बुधवार मध्यरात्रि तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम कर बापू के आदर्शों को जिंदा रखने का काम किया गया है। यह गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श ग्राम की स्थापना करेगा, जिसमें लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उनकी पहुंच में होगी।



लोकसभा में विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज बोले-चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम

निजी क्षेत्र के लिए खुले परमाणु ऊर्जा के दरवाजे, दोनों सदनों में पारित हुआ परमाणु ऊर्जा विधेयक

उन्होंने कहा कि हम किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। बापू हमारी प्रेरणा और श्रद्धा हैं। पूरा देश हमारे लिए एक है। हमारे विचार संकीर्ण और संकुचित नहीं है। कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि असल मायने में मनरेगा के फंड का दुरुपयोग किया गया है। दूसरी तरफ हमारी सरकार -शेष पृष्ठ दो पर

## मनरेगा खत्म करने की साजिश है वीबी जी रामजी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (संशोधन) विधेयक 2025' गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है, जिसका सख्त विरोध किया जाएगा।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा में 'वीबी-जी- राम-जी (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि यह बिल गरीबों के खिलाफ है। वह और

■ खड़गे-प्रियंका ने कहा: बिल गरीबों के खिलाफ कांग्रेस विधेयक का करेगी विरोध

उनकी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी। इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा। जैसे ही इसका बोझ राज्यों पर पड़ेगा, यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने वाले इस विधेयक का उनका गठबंधन पूरी तरह से विरोध करेगा।

## पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

■ छह लोग घायल बरेली से कैंची धाम जा रहे थे पर्यटक

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में भवाली-अल्मोड़ा मोटर मार्ग में वीरवार को पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में तीन पर्यटकों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गुरुवार को करीब सुबह 9.30 बजे वाहन स्कॉर्पियो नंबर यूपी 25 डीजेड-4653 से बच्चे व चालक समेत कुल 9 पर्यटक इज्जतनगर बरेली से कैंची धाम को आ रहे थे कि भवाली पेट्रोल पंप से अल्मोड़ा मोटर मार्ग की ओर करीब 500 मीटर की दूरी पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मय एसडीआरएफ तथा फायर सर्विस मौके पर पहुंची बाद में प्राथमिक उपचार के लिए सभी को हायर सैंटर रेफर किया गया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें गंगा देवी (55) पत्नी भूप राम, बृजेश कुमारी पत्नी राहुल पटेल (26) निवासी ग्राम चावण पोस्ट मुड़िया थाना इज्जतनगर बरेली तथा नैंसी गंगवार (24) पुत्री जयपाल सिंह गंगवार निवासी पीलीभीत बरेली की मौत हो गई, जबकि ऋषि पटेल उर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में घना जहरीला स्मॉग, एक्यूआई 'बहुत खराब' से गंभीर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को ज्यादातर हिस्सों में जहरीले स्मॉग की घनी परते छाई रहने से दृश्यता तेजी से कम हो गई और लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिया गेट, एम्स, अक्षरधाम, आईटीओ और बारापुला फ्लाईओवर जैसी खास जगहों से मिले दृश्यों में शहर भर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से दृश्यता बहुत कम हो गई। दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब से लेकर गंभीर तक बना रहा।

### दिल्ली में सख्ती, जगह-जगह गाड़ियों की चेकिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए है। दिल्ली में गुरुवार से सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है।

### अभद्र टिप्पणी मामले में आजम दोष मुक्त

**रामपुर।** रामपुर जिले की एक अदालत ने पूर्व मंत्री मंत्री आजम खां को प्रशासनिक अधिकारियों से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दोष मुक्त करार दिया है। मामले में अभियोजन साक्ष्य साबित नहीं कर सका। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के मुकदमों की सुनवाई तेजी से चल रही है। ज्यादातर मुकदमे फैसले के करीब आ गए हैं। गुरुवार को फिर एक अन्य मुकदमे में फैसला आया।

### प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का निधन

**नोएडा।** प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। श्री राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका गुरुवार दोपहर को नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। श्री सुतार के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।

# आवारा कुत्ते मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

कहा: अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा, मानवता आखिर है क्या

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा। अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसम्बर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिब्बल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने सिब्बल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है। सिब्बल ने जवाब दिया कि वे यह दिखाने के लिए एक वीडियो भी चलाएंगे कि क्या हो रहा था। सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि आपके माननीय न्यायाधीश ने एक आदेश पारित किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि वैधानिक नियम हैं। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 7 जनवरी को विचार करेगी। बता दें कि 7 नवम्बर को, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद आवारा कुत्तों को तुरंत निर्दिष्ट आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने यह भी कहा था कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। पीठ ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा जानवरों को हटाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि खेल परिसरों सहित संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित करने में प्रणालीगत विफलता को भी दर्शाती है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर मामले में कई निर्देश जारी किए थे।

### रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसला सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों।

# घने कोहरे से उत्तर, पूर्वी भारत में उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली, चंडीगढ़, पटना और उत्तर व पूर्वी भारत के अन्य हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन प्रभावित होने के बीच कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है।

एयर इंडिया ने चेताया है कि अगले कुछ दिनों में घना कोहरा दिल्ली और कई अन्य हवाई अड्डों पर परिचालन सेवा को प्रभावित कर सकता है, जिसका संभावित प्रभाव इसके पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि आपकी यात्रा की बेहतर योजना में मदद करने के लिए, विशेष रूप से त्यौहारों के सीजन दौरान, हमारा अनुरोध है कि आप एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें। आपकी सुविधा के लिए एयर इंडिया ने कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं। हालांकि, यदि घने कोहरे के कारण अचानक उड़ानें रद्द होती हैं या अधिक देरी होती है, तो हमारे ग्राउंड स्टाफ के सहयोगी आपकी सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और वैकल्पिक व्यवस्थाएं करेंगे। एयरलाइन के 'फॉगकेयर' पहल के तहत, प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले



■ एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें :एयरलाइंस

से सूचना मिलेगी और वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान बदल सकते हैं या फिर बिना किसी जुर्माने के पूरा किराया मांग सकते हैं। इंडिगो ने कहा कि उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे का पूर्वानुमान जताया गया है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है और शुरुआती घंटों के दौरान उड़ान परिचालन की गति धीमी हो सकती है। सुरक्षा के मद्देनजर, कुछ उड़ानों में देरी भी हो सकती है या बदलाव हो सकते हैं।

### यूपी में 30 जिलों में घना कोहरा, कई फ्लाइट्स, ट्रेनें लेट, हेमकुंड में माइनस 20 डिग्री सेल्सियस पारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था। यूपी में घने कोहरे के कारण बुधवार को 7 फ्लाइट्स लेट हुईं। एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अन्य को डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। राज्य में बीते 4 दिनों में 150 से ज्यादा सड़क हादसों में 150 वाहनों की टक्कर हुई।

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में 9वीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले के आसपास हुए बम धमाके के सिलसिले में एक और प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किया गया नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के शोपियां का निवासी है। बता दें कि इस धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई थी। कई अन्य घायल हो गए थे। एनआई की ओर से जारी बयान के मुताबित, आरोपी को मामला संख्या आरसी -21/2025/ एनआईए/डीएलआई के तहत शहरी अतिक्रमण अधिनियम 1967 और बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि 10 नवम्बर को राजधानी में हुए कार बम धमाके की साजिश में यासिर की सक्रिय भूमिका थी।



प्रयागराज : कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत एमजीएनआरईजीए का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन किया।

# हर प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार है वायुसेना: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द

■ रक्षा मंत्री ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण बताया

■ अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताया



स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज ने भारत की हाई-इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई। वायुसेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह कि टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, ऑपरेशन में फुर्तीली, स्ट्रेटेजिक रूप से कॉन्फिडेंट और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फ़ोर्स है, जो लगातार बदलती ग्लोबल व्यवस्था के बीच देश के हितों की रक्षा कर रही है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने और 'स्ट्राइक' के बाद पाकिस्तान की गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया को असरदार तरीके से संभालने की हिम्मत, तेजी और सटीकता के लिए वायुसेना की तारीफ़ की। वायु रक्षा प्रणाली क्षमता में लोगों के भरोसे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर, जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं, लेकिन जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपने रोजाना के काम करते रहे।

# तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति-पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम (एचएमए), 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे

■ दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा: पति-पत्नी को अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत

दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### ईओडब्ल्यू ने फर्जी नौकरी मामले में दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरा.प में एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 2024 में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित आरोपपत्र न्यायिक फैसले के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बडगाम की अदालत में पेश किया गया। यह मामला एक लिखित शिकायत से शुरू हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के जरिहामा की रहने वाली इशरत बानो ने शिकायतकर्ता को यह कहकर कि उसका पति सरकारी उसे नौकरी दिला देगा, 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता ने यह पैसे एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। हालांकि उसे न तो कोई नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए। ईओडब्ल्यू ने शिकायत मिलने पर विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि रकम आरोपी गुलजार अहमद वानी उर्फ शाहिद, जरिहामा/ लिडरवान, कुपवाड़ा निवासी के बैंक खाते में जमा की गई थी।

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि खेल्लानी के सरसी गांव में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि डोडा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

# कश्मीर में 20 दिसम्बर से बर्फबारी का अनुमान

**श्रीनगर, वार्ता**

■ **कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी**

कश्मीर में मौसम विभाग ने लंबे समय से चल रहा शुष्क मौसम 20 दिसम्बर से समाप्त होने का अनुमान लगाया है। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को जम्मू- कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का 20-21 दिसम्बर को हिमपात का अनुमान कश्मीर घाटी में सर्दियों के सबसे भीषण दौर चिल्लई कलां की शुरुआत के साथ मेल खाता है। कश्मीर में नवम्बर की शुरुआत से ही लंबे समय से शुष्क मौसम है।

मौसम विभाग ने कहा कि 20-21 दिसम्बर को सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है, कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी और जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और उत्तरी एवं मध्य कश्मीर के कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। हालांकि 20 दिसम्बर की देर रात से पश्चिमी विक्षोभ के ज्यादा सक्रिय होने का अनुमान है। बारिश की तीव्रता 20 दिसम्बर की देर रात से 21 दिसम्बर के दोपहर तक चरम पर रहने की उम्मीद है। 22 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहने और छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है, जबकि 23 से 29 दिसम्बर तक आंशिक रूप से या सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। जबकि ऊंचे इलाकों में 30 और 31 दिसम्बर को हल्की बर्फबारी होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुपवाड़ा, बांदीपा. ेरा और गांदरबल जिलों के कुछ ऊंचे इलाकों में, विशेष रूप से 21 दिसम्बर को, मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है। यात्रियों एवं चालकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम अपडेट पर नजर रखें और अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बनाएं तथा यातायात एवं प्रशासनिक निर्देशों का सख्ती से पालन करें। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही होने से और बर्फबारी होने से घाटी में लंबे समय से चल रहे शुष्क मौसम की स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद है।

# वंदे मातरम पर चर्चा कर मुद्दों से भाग रही सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **कहा: भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है। उन्होंने कहा कि खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी। धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है। कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। बड़े-बड़े अपराधी घूम रहे हैं। कोडीन भैया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पर्यावरण को लेकर काफी चिंता है। दिल्ली का एक्यूआई क्या है। जब सब लोग सवाल उठा रहे हैं, तो बोल रहे हैं सरकारी एप पर देखिए। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर विधायको के साथ बैठक की गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के कारण भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच रद्द करना पड़ा, लेकिन सरकार के लोग दावा कर रहे हैं कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ठीक था। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार यह एक्यूआई के आंकड़े कहां से ला रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्वतंत्र एजेंसियों के आंकड़ों को नकार कर प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा से बचना चाहती है।

### फॉग नहीं बल्कि स्मांग की वजह से रद्द हुआ भारत दक्षिण अफ्रीका मैच: अखिलेश

**लखनऊ।** लखनऊ में भारत दक्षिण अफ्रीका टी20 मैच रद्द होने का परोक्ष रुप से भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्रिकेट मैच न हो पाने की वजह कोहरा नहीं बल्कि प्रदूषण था, क्योंकि भाजपा सरकार ने शुद्ध हवा के लिए बनाए गए पार्कों को बरबाद कर दिया है। यादव ने बुधवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में आयोजित होनेवाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है।

## खेती के साथ खिलवाड़ अब 'सामान्य अपराध' नहीं

# उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया है कि खेती और किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद माफिया के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है।

योगी सरकार का मानना है कि उर्वरकों की कालाबाजारी केवल आपूर्ति या प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा, किसान की आजीविका और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर अपराध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग किसानों को संकट में डालकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, वे केवल कानून नहीं तोड़ रहे, बल्कि देश और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को 'सामान्य अपराधी' मानकर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी, तो उनके खिलाफ एनएसए जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएंगी, ताकि वे लंबे समय तक समाज के लिए खतरा न बन सकें। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अब केवल नोटिस या चेतावनी देकर मामले को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा। जिला प्रशासन को अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़े, यह सरकार के लिए स्वीकार्य नहीं है।

अगर कहीं भी कालाबाजारी की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। योगी सरकार ने खाद की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरप्राइज इंस्पेक्शन का तंत्र मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अफसर भी जवाबदेह होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, दर सूची और वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या आंख मूंदने की शिकायत सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में डेली स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम लागू किया है। इसके तहत हर खाद दुकान और गोदाम को रोजाना उपलब्ध स्टॉक, बिक्री और शेष मात्रा की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि किसी भी जिले या ब्लॉक में संभावित कमी का पहले ही आकलन किया जा सकेगा। ऐसे में तकनीक का इस्तेमाल कर खाद माफिया की हर चाल पर नजर रखी जा रही है और समय रहते कार्रवाई की जा रही है।

### सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा भातखंडे विश्वविद्यालय: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्तिथ भातखंडे विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भातखंडे विश्व. विद्यालय सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र रहा है और आने वाले समय में भी देश की सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में मंगलवार को शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में चर्चा करा सकती है सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **बैठक में मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है।

इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। इससे पहले शीतकालीन सत्र की रूपरेखा तय करने के लिए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी बुलाई गई। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होकर 24 दिसम्बर तक चलेगा।,

सत्र की अवधि को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने जाते समय समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकार जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसी वजह से शीतकालीन सत्र को इतना छोटा रखा गया है। उन्होंने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से जुड़े सवालों पर विस्तार से चर्चा जरूरी है।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 78 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक (0.09 प्रतिशत) टूटकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत उतरकर 25,815.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह गिरावट में खुलने का बाद सेंसेक्स नीचे 84,238.43 अंक और ऊपर 84,780.19 अंक तक गया। बुधवार को यह 84,559.65 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मीडिया, ऑटो, रसायन, तेल एवं गैस और फार्मा समूहों के सूचक. ांकों में गिरावट रही, जबकि आईटी, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक चढ़ गए। सेंसेक्स की कंपनियों में सनफार्मा का शेयर पौने तीन फीसदी के करीब टूट गया। टाटा स्टील और पावरग्रिड में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टीसीएस का शेयर लगभग दो प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा और इंफोसिस में भी डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर हरे निशान में रहे।

# बुरा समय बीच चुका है: इंडिगो सीईओ

**नई दिल्ली।** इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा कि बुरा समय बीत चुका है और 19 साल पुरानी विमान सेवा कंपनी को सिर्फ संकट के 'तीन दिन' के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

एल्बर्स ने कर्मचारियों के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कठिन समय में साथ देने के लिए कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बुरा समय अब पीछे छूट चुका है। कंपनी आज 2,200 उड़ानों का परिचालन कर रही है। यह टीमवर्क का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अब एयरलाइंस तीन बातों पर फोकस कर रही है- खुद को मजबूत बनाना, मूल कारणों का विश्लेषण और पुनर्गठन। कंपनी ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में पैदा संकट की जांच के लिए विदेशी विशेषज्ञ की नियुक्ति की है। साथ ही वह खुद भी विभिन्न स्थानों का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। वीडियो संदेश में एल्बर्स ने बताया है कि मूल कारणों की विश्लेषण और कर्मचारियों के इनपुट से इंडिगो पहले से कहीं मजबूत और बेहतरीन बनकर उभरेगी। हमने मिलकर 19 साल में जो बनाया है उसे सिर्फ तीन दिन (03-05 दिसम्बर) के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक और उसके बाद भी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं। सबसे बुरा हाल 05 दिसम्बर को रहा, जब 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। उसने इसके लिए पायलटों की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित नए नियमों और उसके अनुसार रोस्टरिग में कंपनी विफलता को मुख्य कारण बताया था।

# भारत में यूपीआई से लेन-देन में 33.5 प्रतिशत की वृद्धि: वर्ल्डलाइन इंडिया

**कोलकाता, वार्ता**

भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हो रहा है। इस बात का खुलासा वर्ल्डलाइन इंडिया ने किया है। वर्ल्डलाइन इंडिया ने गुरुवार को डेटा से भरपूर एक संक्षिप्त विवरण जारी किया, जिसमें 2025 की तीसरी तिमाही में देश के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाया गया।

इसमें यूपीआई के जरिए लेन-देन की संख्या सालाना 33.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59.33 अरब हो गई है। यह विवरण वर्ल्डलाइन की प्रमुख इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट का ही एक विस्तार है, जो इस तिमाही में पेमेंट कर्ताओं के बारे में समय पर जानकारी देता है। इस एनालिसिस में यूपीआई के लगातार दबदबे, क्यूआर आधारित व्यापार स्वीकृति में तेजी से बढ़ोतरी, कार्ड जारी करने में लगातार ग्रोथ और मेट्रो शहरों तथा उभरते भारत दोनों में डिजिटल अपनाने में गहराई को उजागर किया गया। क्यू3 2025 ने दुनिया की सबसे डायनामिक रियल टाइम पेमेंट अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत किया और कहा कि यहां हर स्कैन, टैप और क्लिक उपभोक्ताओं और कारोबारियों के व्यवहार को बदल रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूपीआई ने रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा, लेन-देन सालाना आधार पर 33.5 प्रतिशत बढ़कर 59.33 अरब हो गया और लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 74.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है। व्यक्ति से कारोबारी (पी2एम) लेन.देन व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) से आगे रहे, जो रोजमर्रा के खुदरा लेन-देन में यूपीआई के दबदबे को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार पी2एम लेन-देन 35 प्रतिशत बढ़कर 37.46 अरब हो गया और पी2पी 29 वृद्धि के साथ 21.65 अरब लेन-देन हो गया है। औसत टिकट साइज घटकर 1,262 रुपये (1,363 रुपये से) हो गया, जो रोजमर्रा के सामान, खाना, हेल्थकेयर की जरूरी चीजों और हाइपरलोकल कॉमर्स जैसे छोटे लेने-देन के लिए बढ़ते इस्तेमाल को दिखाता है। भारत में 70.90 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर हो गए हैं, जो जुलाई 2024 से 21 प्रतिशत ज्यादा हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारी हंगामे...** ने विकास कार्यों पर खर्च करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से किसानों और गरीबों का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि नरेगा को महात्मा गांधी के नाम के साथ शुरू नहीं किया गया था। उन्होंने 2009 के चुनावों से पहले वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा था। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने अपने कार्यकाल में इस पर सिर्फ 2.13 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जबकि मोदी सरकार ने 2014 से इस पर 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले इसमें भ्रष्टाचार था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार अपनी मर्जी से योजनाओं के नाम बदल देती है। इस आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने नेहरू गांधी परिवार के सदस्यों के नाम पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की सूची गिना दी और तर्क दिया कि कांग्रेस का राजनीतिक फायदे के लिए नाम जोड़ने का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर महात्मा गांधी के आदर्शों को धोखा देने का भी आरोप लगाया और कहा कि पार्टी ने भारत के बंटवारे को स्वीकार किया और आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की गांधी की बात को नजर. अंदाज किया। कांग्रेस ने खुद गांधीवादी सिद्धांतों को खत्म कर दिया। उधरसंसद ने गुरुवार को परमाणु ऊर्जा से जुड़े एक अहम विधेयक को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने सिविल परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता खोलने वाले श्भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो चुका है। अब मौजूदा कानून को बदलने के लिए लाए गए विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद केंद्र परमाणु ऊर्जा पर सरकार का एकाधिकार खत्म करने की ओर कदम बढ़ा देगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा 24गुणा 7 विश्वसनीय बिजली आपूर्ति का स्रोत है, जबकि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में यह निरंतरता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा तंत्र से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने विकिरण को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि अब तक आम जनता के लिए किसी भी प्रकार के विकिरण-संबंधी खतरे की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि परमाणु क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रमों की कीमत पर निजी कंपनियों को बढ़ावा देना राष्ट्रीय हित में नहीं है। उन्होंने फ्रांस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां परमाणु ऊर्जा पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में है। रमेश ने विदेशी तकनीक के बजाय भारत के स्वदेशी 700 मेगावाट के रिएक्टरों को मानक बनाने और देश के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग पर जोर दिया। वहीं, भाजपा सांसद किरण चौधरी ने बिल का समर्थन करते हुए इसे आधुनिक परमाणु कानून बताया, जो कड़े सुरक्षा मानकों के साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करेगा।

**पर्यटकों का...** यूवी (7) पुत्र राहुल पटेल, स्वाति (20) पत्नी भूप राम, अक्षय (20) पुत्र ओमेंद्र, राहुल पटेल (35) पुत्र भूप राम निवासीगण चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली, करन (25) पुत्र जितेंद्र निवासी गुजरात तथा ज्योति (25) पत्नी करन निवासी गुजरात घायल हो गए। घाटना किस वजह से हुई इसका अभी स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा: गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वालों को अब पुलिस से पूछताछ या अन्य किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को चिकित्सीय सहायता देने या अस्पताल पहुंचाने वालों को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी और वे किसी तरह के कानूनी पचड़े में भी नहीं पड़ेंगे। घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने बताया कि घायलों के अस्पताल पहुं. चने पर तुरंत उनका इलाज शुरू हो सके, इसके लिए अस्पतालों को तत्काल डेढ़ लाख रुपये तुरंत प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में प्रति वर्ष पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें अधिक युवा अधिक होते हैं। उन्होंने कहा कि इन दुर्घटनाओं में घायल होने वालों को यदि तत्काल चिकित्सीय मदद पहुंचाई जाए, तो 50 हजार लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सांसदों से अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता अभियान चलाने की अपील की और उनसे सुझाव भी मांगे। केन्द्रीय मंत्री ने अध्यक्ष ओम बिरला से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में विचार-विमर्श करने के लिए सदन में चर्चा कराने की भी मांग की और कहा कि इससे देश भर के सांसदों के सुझाव लेकर बेहतर उपाय निकाले जा सकेंगे। बिरला ने इस पर सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की मदद से लोगों खासकर युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करें। उन्होंने कहा कि वह अगले सत्र में इस गंभीर समस्या पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की कोशिश करेंगे और उनका मानना है कि सबके सुझावों-विचारों से अच्छे परिणाम सामने आ सकेंगे।

### टोल टैक्स भुगतान प्रणाली का किया जा रहा है सरलीकरण: गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि नई नीति में टोल टैक्स उसी स्थान से लगेगा, जहां से कोई वाहन सड़क पर प्रवेश करेगा। गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि नई नीति में अब किसी वाहन को सड़क पर प्रवेश करने वाले स्थान से ही अगले नाके पर टोल टैक्स देना होगा। यदि कोई वाहन 15 किलोमीटर चलने के बाद ही किसी टोल नाके पर पहुंच जाता है, तो उसे इतनी ही दूरी का टोल टैक्स देना होगा।

उन्होंने बताया कि नई नीति के प्रावधानों के अनुसार 15 रुपये में भी एक टोल नाके को पार किया जा सकेगा। अब ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वाहनों को टोल नाकों पर कतार नहीं लगानी पड़े और गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से भी टोल नाके पार कर सकेंगी। उनके वाहन की नंबर प्लेट और फास्ट टैग को नाके पर रिकॉर्ड करने के बाद टैक्स स्वत: कट जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा के प्रश्न के उत्तर में बताया कि हरियाणा में 12 वर्षों में सबसे ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, इसीलिए वहां सबसे ज्यादा टोल नाके हैं। हरियाणा और पंजाब में यातायात सघनता भी सबसे ज्यादा है। जहां ज्यादा नई सड़कें बनेंगी, वहां टोल नाके भी अधिक होंगे। गडकरी ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत का कार्य कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 703 प्रस्तावित है और व्यवहार्यता रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

# जीआईएमएस में डॉक्टरों के लिए विशेष सीएमई आयोजित

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से बढ़ रही लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां यह संकेत देती हैं कि सिर्फ दवाओं के सहारे बढ़ते स्वास्थ्य संकट से निपटना पर्याप्त नहीं है।

डॉक्टरों का कहना है कि पोषण (न्यूट्रिशन) एक एविडेंस-बेस्ड यानी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तरीका है, जिसे बीमारियों की रोकथाम और बेहतर मरीज देखभाल के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जाना चाहिए। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा स्थित गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमएस) और पैन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा पद्धति में एविडेंस-बेस्ड न्यूट्रिशन के महत्व को रेखांकित करना था। इस सीएमई में वरिष्ठ चिकित्सकों, मेडिकल एजुकेटर्स, शोधकर्ताओं और युवा डॉक्टरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रेजेंटेशन, केस डिस्कशन और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग जैसी कई शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं। डॉ. अंजलि नाकरा, फाउंडर, पाथ टू हेल्थ क्लीनिक ने लाइफस्टाइल मेडिसिन और एविडेंस-बेस्ड न्यूट्रिशन पर सत्र लिया। उन्होंने बताया कि डाइट में छोटे-छोटे बदलाव भविष्य में बड़े स्वास्थ्य लाभ दे सकते हैं।

## पॉवर बैकअप सॉल्यूशन किया पेश

नई दिल्ली। बिजली कटौती, वोल्टेज उतार-चढ़ाव और अनिश्चित सप्लाई की स्थिति में घरों और छोटे व्यवसायों के लिए निर्बाध और भरोसेमंद पॉवर बैकअप सुविधा आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, एनर्जी स्टोरेज कंपनी- जीऑन ने एक ऐसा समाधान प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर जीऑन के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद काबरा ने कहा, आज पॉवर बैकअप में कीमत से ज्यादा उसका लंबे समय तक चलना और जी लिथियम में लिथियम टेक्नोलॉजी, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम और इन्वर्टर को एक साथ जोड़ा गया है। घर और ऑफिस में लगातार बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया जी लिथियम स्वच्छ और स्थिर बिजली सप्लाई देता है।

# सैफायर इंटरनेशनल स्कूल में प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सैफायर इंटरनेशनल स्कूल ने आज अपना वार्षिक नवाचार प्रदर्शनी कार्यक्रम एसपीएचईआईआर 2.0: ड्रीम. डिज़ाइन. डू. आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और अनुभवात्मक अधिगम का उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में 42 छात्र-निर्मित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें अकादमिक, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, वेलनेस और कला-संयोजित शिक्षण से जुड़े प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। टेकप्रेन्योर्स और स्टार्टअप स्टूडियो जैसे मंचों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्मार्ट कार पार्किंग सिस्टम, लैक्टोचेक, स्मार्ट वॉटर इरिगेशन सॉल्यूशंस सहित हैपी टेल्स/ पेट बिस्किट्स और लिटबाइट्स/एडिबल कैंडल्स जैसे छात्र-नेतृत्व वाले उपक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि श्रीमती लता वैद्यनाथन, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड की पूर्व प्राचार्या, के साथ चेयरपर्सन जीवन कुमार जैन, मैडम चेयरपर्सन सुरेणु जैन, हेड ऑफ स्कूल सौरभ सहगल तथा उप-प्राचार्या श्रीमती दिव्या कपूर की उपस्थिति से बढ़ी। अपने संबोधनों में वक्ताओं ने उद्देश्यपूर्ण शिक्षा और स्वतंत्र, चिंतनशील शिक्षार्थियों के निर्माण पर बल दिया।

# सड़क हादसे में सरधना के पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी एक परिवार की बनारस धार्मिक यात्रा दर्दनाक हादसे में तब्दील हो गई। आजमगढ़ जिले में गुरुवार अलसुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में आजमगढ़ के लिए रवाना हो गए।

## धार्मिक यात्रा के साथ पारिवारिक काम से निकला था परिवार

जानकारी के अनुसार, गांव अलीपुर निवासी विशेष पुत्र ओमवीर बुधवार सुबह अपनी ईको कार से बनारस धार्मिक स्थल के लिए निकले थे। कार में उनकी पत्नी डोली, पुत्र कार्तिक व अक्ष, पुत्री अंशिका, रिश्तेदार सत्य तथा एक अन्य परिजन सवार थे।

# बारहमासा की नाट्य प्रस्तुति स्वयंदीपा का हुआ मंचन



**नई दिल्ली।** बारहमासा रंगमंडल द्वारा 11 दिसम्बर 2025 को श्रीराम सेंटर प्रेक्षागृह में माधुरी सुबोध लिखित और अरविन्द सिंह चंद्रवंशी निर्देशित नाटक स्वयंदीपा का भव्य मंचन किया गया।

महाभारत के प्रसंग पर आधारित नाटक स्वयंदीपा स्त्री के अन्त: मन के द्वंदों को उजागर करता स्त्री पुरुष के संबंधो को समावेशित करता एक आलौकिक कथानक है। देवताओं के आग्रह पर कच दैत्यगुरु शुक्राचार्य के पास 'मृतसंजीवनी' विद्या का रहस्य पाने के लिए दैत्यलोक जाते हैं। आचार्य शुक्र की बेटी देवयानी के विवाह-प्रस्ताव को कच स्वीकार नहीं कर पाते। देवयानी के शाप के उत्तर में उसे भी शाप देते हैं कि उसका विवाह किसी देव या ब्राह्मण कुमार से न होगा। देवयानी का विवाह मानवराज ययाति से होता है। जो उसे धोखा देकर शर्मिष्ठा से गुप्त विवाह कर लेते हैं। देवयानी का हृदय चोट खाता है। वह ऐसे धोखेबाज व्यक्ति के साथ रहना स्वीकार नहीं करती और उनका राजभवन छोड़कर पिता के आश्रम में लौट आती है। मंच पर दैत्य गुरु शुक्राचार्य की भुमिका दिल्ली रंगमंच के सशक्त रंगकर्मी अभिनेता मुकेश झा ने किया, मनीषा, पुष्पा कुमारी, माया नन्द झा, राजेश कुमार, निर्भय कर्तव्य, उमा, तरुण झा और रिंकेश ने अपने अपने चरित्रों को बखूबी निभाया।

# आईये हम सब मिलकर आर्गेनिक खेती के साथ कदमताल करें: सुधीर गिरि

■ वेंक्टेश्वरा में आर्गेनिक कृषि शोध यात्रा का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री वेंक्टेश्वरा विवि संस्थान के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के कृषि शोध संस्थान में आर्गेनिक कृषि शोध यात्रा कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें कृषि शोध संस्थान के वैज्ञानिक एवं शोधार्थियों ने बताया कि वेंक्टेश्वरा कृषि फॉर्म एवं शोध संस्थान में 30 से अधिक आर्गेनिक सब्जियों की उन्नत खेती के साथ एक दर्जन प्राकृतिक खाद्यान्नो व मोटे अनाजो की अधिक पैदावार वाली खेती हो रही है। विश्व. विद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक प्रो. थॉमस एब्राहम ने बताया कि वेंक्टेश्वरा कृषि शोध संस्थान में पौने छह फीट की आर्गेनिक लौकी की खेती के साथ-साथ दो दर्जन से अधिक सब्जियो एवं खाद्यान्नो समेत 50 से करीब फसलो की उन्नत खेती हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि देश में किसी निजी संस्थान में शायद पहली बार एक साथ काले गेहूं के साथ गेहूं की एक सौ बारह किस्मो की खेती हो रही है। अगले साल से जनपद के ही नहीं अन्य प्रदेशो के किसान भाई यहां से गेहूं की सौ से अधिक उन्नत किस्मो के बीज खरीद सकते है। उन्होंने सभी किसान भाईयो से संस्थान आकर विजिट करने की भी अपील की। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि वेंक्टेश्वरा द्वारा आयोजित इस आर्गेनिक कृषि शोध यात्रा का उद्देश्य देशभर के सम्मानित किसान भाईयो को यह बताना है कि बिना रासायनिक खाद व बिना कीटनाशक के बिना भी हम आर्गेनिक खेती द्वारा लोगो को अच्छी सेहत की सौगात के साथ-साथ भारी मुनाफा कमा सकते है। इस अवसर पर निदेशक डीन एग्रीकल्चर प्रो. डॉ. थॉमस एब्राहम, डॉ. शेषनाश मिश्रा, डॉ. माता प्रसाद, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. ब्रज किशोर, डॉ. वरूण त्रिपाठी, डॉ. चन्द्रकान्त सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. आशिया वाहिद, अनुपम शर्मा, उदित तिवारी, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।

# नये साल व क्रिसमस पर होने वाले कार्यक्रम की लेनी होगी अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट सूर्य कान्त त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2025 समाप्ति के सन्निकट है तथा जनपद के विभिन्न होटलो बैंकट में हॉलो में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रंगा-रंग कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। उन्होंने इस सम्बन्ध में समस्त कार्यक्रम आयोजको संचालकों, होटल स्वामियों बैंक्वेट हॉल स्वामियों को सूचित किया कि 6 जनवरी 2018 के बिन्दु 5 में वर्णित संशोधित धारा-4(क)(1) में प्रावधान किया गया है कि किसी भी मनोरंजन, जिस पर कर उद्ग्रणीय हो, वह कर भुगतान करने के दायित्व से मुक्त हो या न हो, जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना आयोजित नही किया जायेगा। उन्होंने समस्त संबंधित आयोजको को निर्देशित किया कि वे किसी भी कार्यक्रम नव वर्ष की पूर्व संध्या, क्रिसमस इवेन्ट, मेले तथा किसी भी प्रकार के रंगा-रंगा कार्यक्रम के आयोजन, पर प्रवेश शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी देय है। आदि के आयोजन से पूर्व डीएम से उक्त आयोजन की अनुमति लेनी होगी।

# घने कोहरे में बड़ा हादसा, बाजरे से भरा ट्रक पलटा

## करनाल जा रहा ट्रक सरधना में अनियंत्रित हुआ, चालक-परिचालक घायल, देर रात हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र में घने कोहरे ने बुधवार देर रात एक और सड़क हादसे को जन्म दे दिया। मेरठ स्थित सिटी प्वाइंट के सामने बेरियों वाले बाग के मोड़ पर बाजरे से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक सड़क किनारे पलटते ही उसमें भरा बाजरा चारों ओर फैल गया। दुर्घटना में ट्रक चालक व परिचालक घायल हो गए, जबकि मार्ग पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

चालक मशकूर पुत्र मंजूर निवासी संभल अपने सहयोगी बीरपाल के साथ बदायूं से बाजरा लादकर हरियाणा के करनाल जा रहा था। बुधवार रात करीब एक बजे सरधना क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। जैसे ही ट्रक सिटी प्वाइंट के सामने बेरियों वाले बाग के मोड़ पर पहुंचा, सामने से अचानक आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रक को मोड़ा। इसी दौरान घने कोहरे के कारण सड़क का सही अंदाजा नहीं लग सका और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रक पलटने से चालक मशकूर व परिचालक बीरपाल को चोटें आई। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भिजवाया। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क पर अन्य वाहन ज्यादा नहीं थे, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ट्रक पलटने के कारण सड़क पर बाजरा बिखर गया, जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार सुबह राहत टीम मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को सीधा करने तथा सड़क पर फैले बाजरे को हटाने का कार्य शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू कराया जा सका। बताया जा रहा है कि ट्रक में करीब 25 लाख रुपये मूल्य का बाजरा भरा हुआ था, जिससे व्यापारी को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्थानीय लोगों ने की संकतेक बोर्ड लगाने की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्दी के मौसम में इस मार्ग पर अक्सर घना कोहरा छा जाता है और मोड़ पर संकेतक व पर्याप्त लाइट की व्यवस्था न होने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्थानों पर चेतावनी बोर्ड और प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मेरठ में सड़क सुरक्षा पर जोर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होंडा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इंडिया एचएमएस आई ने सड़क सुरक्षा व्यवहार को बढ़ावा देने के अपने देशव्यापी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए मेरठ, उत्तर प्रदेश में भारत इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एस्ट्रॉन कॉलेज ऑफ एजुकेशन और आईआईएमटी विवि में एक प्रभाव शाली सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया।

इस पहल में 2400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहां उन्हें सुरक्षित वाहन संचालन के मूल तत्वों के बारे में सिखाया गया और सड़क पर साझा जिम्मेदारी के लिए एक सीखने योग्य वातावरण तैयार किया गया। युवाओं में जागरूक सोच और सार्थक कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इन सत्रों में इंटर एक्टिव लर्निंग गतिविधियां शामिल थीं, जो रोजाना आने-जाने के दौरान आने वाली चुनौतियों और सड़क सुरक्षा की व्यावहारिक समझ विकसित करने पर केंद्रित थीं। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने डेमो, चर्चाओं और वास्तविक जीवन की स्थितियों के जरिए सुरक्षित ड्राइविंग की जरूरी आदतों को गहराई से समझा और अपनाया। यह सत्र होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रशिक्षित रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर द्वारा संचालित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को सुरक्षित यात्रा के प्रमुख पहलुओं जैसे हेलमेट जागरूकता, पैदल यात्री सुरक्षा, सड़क संकेतों का महत्व और सड़क सुरक्षा को रोजमर्रा की जिम्मेदारी के रूप में अपनाने पर जानकारी दी गई। इस कैंपेन का मुख्य संदेश सरल लेकिन प्रभावशाली था सड़क सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता और सही कार्रवाई से होती है। इस अभियान में प्रतिभागियों को उदाहरण प्रस्तुत करने और दूसरों को यह प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया कि कैसे रोजमर्रा के निर्णय और ट्रैफिक नियमों का पालन दुर्घटनाओं को रोक सकता है और जानें बचा सकता है। भारत इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एस्ट्रॉन कॉलेज ऑफ एजुकेशन और आईआईएमटी विवि में आयोजित यह अभियान एचएमएसआई के व्यापक मिशन का हिस्सा है।

# पेट्रोल पंप मालिक मुफ्त हवा, पानी की करें व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्राय: यह शिकायतें प्राप्त हो रही है कि जनपद मेरठ के पैट्रोल पम्पों पर मुफ्त हवा, पानी तथा स्वच्छ शौचालय की सुविधाऐं पम्प संचालकों द्वारा उपलब्ध नहीं करायी जा रही है, जिसके कारण ग्राहकों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है तथा उनके द्वारा निरन्तर इस सम्बन्ध में कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायते की जा रही है। उन्होंने जनपद मेरठ के समस्त पैट्रोल पम्प स्वामी प्रबन्धको को निर्देशित किया है कि वह पैट्रोल पम्पों पर मुफ्त हवा व पानी तथा स्वच्छ शौचालय इत्यादि की समुचित व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करायें, यदि इस सम्बन्ध में भविष्य में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के खिलाफ उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए एमडीजी गाइडलाइन के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी पेट्रोल पंत मालिक की होगी।

# मल्लू सिंह कन्या इंटर कॉलेज में सोलर लैंप पाकर छात्राओं में दौड़ी खुशी की लहर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को वेस्टर्न यूपी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड पर स्थित श्री मल्लू सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज में क्यूब हाईवे रूट फाउंडेशन के सौजन्य से सर्वांगीण अभियान के तहत कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक के सभी छात्रों को सोलर लैंप वितरण किए गए। सोलर लैंप को प्राप्त कर सभी छात्राएं बहुत प्रसन्न थी यह सोलर लैंप बिजली न होने पर इन छात्रों को अध्ययन करने में लाभ देगा, इस वितरण समारोह के दौरान श्री मल्लू सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल डाक्टर नीरा तोमर, वेस्टर्न यूपी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड बृजेश सिंह क्यूब रूट फाउंडेशन की तरफ से राकेश राय, अश्विनी चौहान, आलोक पांडे, शिवा कुमार, राजकुमार अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों को भाजपा कार्यालय जाने से पुलिस ने रोका

## महानगर अध्यक्ष कांग्रेस की पुलिस से हुई नोकझोंक, धरना देने का तय था कार्यक्रम

■ सोनिया व राहुल गांधी को ईडी द्वारा बदनाम व प्रताड़ित करने पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से बदनाम व प्रताड़ित करने की मोदी सरकार की साजिश के विरोध में आयोजित किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने-धमकाने का कार्य कर रही है, लेकिन अब इस तानाशाही की सच्चाई देश की जनता के सामने आ चुकी है। इसी आक्रोश के चलते कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर मार्च के लिए रवाना हुए। मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में ही रोक दिया, जिस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। इसके पश्चात कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। बाद में कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे के गेट से आगे बढ़े, लेकिन प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मार्च को पुन: रोक दिया। रंजन शर्मा एवं अवनीश काजला ने संयुक्त रूप से कहा, कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस इस तानाशाही के आगे न कभी झुकी है और न झुकेगी। सड़क से लेकर संसद तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान रंजन शर्मा, अवनीश काजला, जाहिद अंसारी, सलीम खान, मोनिंदर सूद वाल्मीकि, सैयद सलीमुद्दीन शाह, नईम राणा, सौरभ दिवाकर शर्मा, राकेश नेगी आदि मौजूद रहे।

# नंगला कुंभ रजवाहे में मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरूवार को जानी थाना क्षेत्र स्थित नंगला कुंभ रजवाहे में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। तभी सूचना पाकर पहुंचे सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और जांच पड़ताल की जहा शव करीब पांच दिन पुराना बताया गया है मरने वाले की उम्र करीब 45 वर्ष है तभी पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह शव सुचना मिलते ही मौके पर काफी ग्रामीण इकट्ठा हो गए जहां पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला। वहीं ग्रामीणों में अलग-अलग चर्चा थी।

# पुलिस ने चोरी के मामले में दो गिरफ्तार कर जेल भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया मोटर केबल तार और घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। एक आरोपी के पास से अवैध तमंचा और कारतूस भी मिला है।



यह कार्रवाई बीते बुधवार को दर्ज एक शिकायत के बाद की गई। ग्राम तरबियतपुर जनूबी निवासी हिम्मत सिंह पुत्र गंगाशरण ने किठौर थाने में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनके ट्यूबवैल का ताला तोड़कर लगभग 7-5 हार्स पावर की मोटर का केबल तार चुरा लिया था। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एसएसपी और एसपी देहात के निर्देश पर तथा क्षेत्रधिकारी किठौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने गुरुवार को को कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान ग्राम शाहीपुर निवासी साजिद पुत्र शेरदीन और नासिर पुत्र मीरहसन के रूप में हुई है। उन्हें असीलपुर पुल से सारंगपुर की ओर कच्चे रास्ते से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया मोटर का तार, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल और अन्य औजार बरामद किए। आरोपी साजिद के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी मिला। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# गन्ना भवन पर पांचवें दिन भी जारी रहा भाकियू का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गन्ना भवन पर भारतीय किसान यूनियन अपनी मांगों को लेकर बीते पांच दिन से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठा है। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अनुराग का कहना है कि किसान यूनियन किसानों की मांगों को लेकर धरने पर है और जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होगी धरना बंद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पांचवें दिन पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त से मिलकर अपनी समस्या को समझ कर आया है इसके बाद मंडल इसमें लखनऊ वार्ता करने का आश्वासन दिया है। साथ ही किसानों की कई मांगों पर सहमति भी बनती हुई दिखाई दे रही है। जिसमें तीन रुपए बिना ट्रांस पोर्टरों की मांग के बढ़ाया गया। जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कई मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे पांचवें दिन भी चल रहे धरने से गन्ना विभाग का खलबली मची हुई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर चिंदौड़ी, सुनील, विनोद, अनूप यादव युवा जिलाध्यक्ष, मुनीश त्यागी, दिनेश खेड़ा जिलाध्यक्ष हापुड़, हर्ष चाहल, ऋषिपाल, शरद, सतबीर जांगेठी, वीरेंद्र, सत्ते, हरपाल, राजपाल, जसबीर आदि मौजूद रहे।

# मनसाबिय अरेबिक कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अन्तर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक कल्याण अधिकार दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यकों के शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास के सम्बन्ध में विचार गोष्ठी का आयोजन मनसाबिय अरेबिक कॉलेज में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाम मोहम्मद विधायक सिवाल खास, मुस्लिम समाज से शहर काजी जैनुस्सालिकीन, सिक्ख धर्म से राष्ट्रपति पदक से अलंकृत प्रबुद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सरबजीत सिंह कपूर, ईसाई समाज से फादर तारसीस, प्रबंधक सैंट जोसेफ इंटर कॉलेज, बौद्ध धर्म डॉ. नागभूषण भिखू, जैन धर्म से दिनेश चन्द्र जैन, अध्यक्ष दिगम्बर जैन सभा मौ. रिजवान, मौ. अफजाल नकवी, मौलाना शम्श कादरी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मौहम्मद अतहर काजमी द्वारा किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82255055A | फ्लेक्सिबल डिजिटल यूरो-लैप्रोस्कोपी एंडोस्कोपी सिस्टम (स्पेसिफिकेशन अटैच्ड) | 01 नग | 09.01.2026 |

**निविदा शर्तें**- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 82255055A दिनांक 18.12.2025 3908/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में पहले सब-सेक्टर के मौजूदा 105 sq. mm. G-जम्पर को 160 sq. mm. G-जम्पर से बदलना, साथ ही 105 sq. mm. आइसोलेटर जम्पर को 160 sq. mm. आइसोलेटर जम्पर से बदलना और एल्युमिनियम बस बार को कॉपर बस बार से बदलना और इससे जूडे काम। |
| अनुमानित लागत | Rs.9,19,24,865.21/- |
| बयाना राशि | Rs.4,59,600/- |
| ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 29.12.2025 (10.30बजे) से 12.01.2026 (15.00बजे तक) |
| ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 12.01.2026 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-36) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या - 36.क.वि., - नई दिल्ली-2025-26

दिनांक : 17.12.2025 3911/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जिलाधिकारी ने एमएमजी अस्पताल का किया निरीक्षण

# मरीजों व तीमारदारों को वितरित किए कम्बल व फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने जीटी रोड स्थित एमएमजी अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और मरीजों व उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति जानी। जिसमें उन्होने जाना की मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी विभिन्न वार्डों में पहुंचे, जहां उन्होंने भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों से डॉक्टरों की नियमित विजिट, इलाज की गुणवत्ता, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली।

मरीजों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने मरीजों को फल वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में मौजूद जरूरतमंद मरीजों एवं उनके तीमारदारों को



कंबल वितरित किए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अस्पताल में आने वाला कोई भी व्यक्ति असुविधा महसूस न करें और जरूरतमंदों को हर संभव सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर एवं रैन बसेरे की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

सफाई व्यवस्था में कहीं भी लापरवाही न बरतने के निर्देश देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने को कहा, ताकि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार से विस्तृत जानक. ारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था, जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाइयों, डॉक्टरों की समयबद्ध विजिट तथा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनाए जाएं, ताकि उन्हें नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल सके।

अंत में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर, संवेदनशील और मानवीय उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाएगा।

# शीतलहर के प्रकोप से पशुधन की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी

**■ शरीर का तापमान कम होने से पशु पक्षियों के बीमार होने की संभावना बढ़ती है**



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** डा. एस.पी पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जानकारी दी कि शीत लहर प्रारंभ हो गई है। वातावरण का तापमान दिन प्रतिदिन काम हो रहा है। सभी पशुपालक भाई-बहन पालतू पशुओं को ठंड से बचाने के लिए निम्न प्रकार व्यवस्था करें।

सभी नागरिक पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए निराश्रित पशु पक्षियों के लिए यथासंभव ठंड से बचाव की व्यवस्था करें। सभी नागरिक पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए निराश्रित पशु पक्षियों के लिए यथासंभव ठंड से बचाव की व्यवस्था करें।

शरीर का तापमान कम होने से पशु पक्षियों के बीमार होने की संभावना बढ़ती है। दुग्ध उत्पादन में कमी आती है। पशुओं की प्रजनन क्षमता भी कम हो जाती है। ठण्ड से बचाव की समुचित व्यवस्था न होने पर पशु पक्षी की मृत्यु हो सकती है। क्या करें पशुओं को ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क से बचाने के लिए रात के दौरान सभी तरफ से पशुओं के आवास को ढक दें।

पशुओं और मुर्गियों को ठंड से बचने और गर्म कपडे से ढकने की व्यवस्था करें। पशुओं को संतुलित पशु आहार एवं कंसन्ट्रेट राशन बढ़ा दें। क्या न करें शीत लहर के दौरान पशुओ को मेले में ले जाने से बचें। पशुओं को ठंडा चारा, रात का ठंडा पानी पीने को न दें। पशु आवास में अत्यधिक धुँआ ना करें। मृत पशुओं को सड़क के किनारे इधर-उधर न फेंके।शेड में अलाव जलाने पर छोटे बच्चों को खुला न छोड़ें, बांधकर रखें।

# वरिष्ठ पत्रकार अशोक कौशिक का राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** प्रेस क्लब आफ इंडिया नई दिल्ली के मैनेजिंग कमेटी के सदस्य चुने जाने पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने बालकिशन गुप्ता व पंडित अशोक भारतीय के नेत्रत्व में वरिष्ठ पत्रकार अशोक कौशिक का मिष्ठान खिलाकर व बुके भेंटकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित प्रेस क्लब आफ इंडिया के इस चुनाव मे अशोक कौशिक के पूरे पैनल की शानदार विजय पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियो ने गर्मजोशी से बधाई दी।

इस अवसर पर संदीप त्यागी रसम रितेश शर्मा आशु पाठक आदि उपस्थित रहे।

# आईटीएस मोहननगर में क्विज व्हीज-2025 प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मो. हननगर के यू.जी कैंपस द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहन तथा सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली बहुचर्चित व् प्रसिद्ध प्रतियोगिता 'क्विज व्हीज-2025' का भव्य आयोजन इस वर्ष 19 दिसम्बर 2025 को किया जा रहा है। आई.टी.एस मो. हननगर कैंपस में इस प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसम्बर को सुबह 8 :00 बजे से किया जाना सुनिश्चित हुआ है।आई.टी.एस संस्थान प्रतिवर्ष ग्यारहवीं तथा बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए 'क्विज व्हीज' प्रतियोगिता का आयोजन करता रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी प्रतिभाशाली छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जिस पर वे सभी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें।

सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता का आयोजन सं 2011 में किया गया था जिसमे कुल 50 विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया था। 19 दिसम्बर 2025 को होने वाली फाइनल प्रतियोगिता के लिए दिल्ली - एन. सी. आर. के प्रतिभागी स्कूलों में डी पी एस गाजियाबाद, उत्तम स्कूल, डी पी एस इंदिरापुरम, डी पी एस सिद्धार्थ विहार, कैंब्रिज स्कूल, इंदिरापुरम स्कूल, एयरफोर्स स्कूल हिंडन, बाल भारती स्कूल, छबील दस पब्लिक स्कूल, डीडीपीएस, जीडी गोयनका, केडीबी, डी एल एफ पब्लिक स्कूल, सैंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल, परिवर्तन स्कूल, प्रेसिडियम, सन वैली इंटरनेशनल, एल्कॉन इंटरनेशनल- मयूर विहार, डी ए वी, समर्थ स्कूल - दिलशाद गार्डन, विक्टोरिया गर्ल्स, एस एल एस डी ए वी- मौसम विहार, भारत नेशनल, अरुणोदय पब्लिक स्कूल, वनस्थली, लिटिल फ्लावर, सैंट लॉरेन्स, एस आर डी ए वी, कला निक. ेतन, अर्वाचीन इंटरनेशनल, हंसराज स्मारक जैसे प्राइवेट व् सरकारी 225 स्कूलों के 30,000 छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। 19 दिसम्बर 2025 को होने वाली फाइनल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व् तृतीय पुरुस्कार के रूप में क्रमश: 51000/- ,31000 /- तथा 21000/- नकद इनाम दिया जायेगा एवं इसके आलावा नकद 6000 - 6000 के 5 सांत्वना पुरुस्कार दिए जायेंगे।

यह प्रतियोगिता "एक्सप्रेस माइंडस एजुकेशन" के सी.इ. ओ. कुणाल सावरकर द्वारा कराई जाएगी। कुणाल सावरकर कौन बनेगा करोड़पति सीरियल के क्विज मास्टर रह चुके हैं। इस अवसर पर आई.टी.एस संस्थान मोहननगर में मुख्य अतिथि के रूप मे एक्ट्रेस, मॉडल, फिल्ममेकर एवं बिग बॉस-19 कंटेस्टेंट मालती चाहर भी उपस्थित रहेंगी।

# सुन्दरदीप के छात्रों को सॉफटवेयर कम्पनी हमिंगबर्ड टैक्नोलोजी में मिला प्लेस्मेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिटूशनस में हमिंगबर्ड टैक्नोलोजी द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में बीटेक कंप्यूटर सांइस, एव बीसीए के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ड्राइव का आरम्भ कंपनी प्रोफाइल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे में कम्पनी के अधिकारियों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव में प्री प्लेसमेट टॉक और असेसमेंट टेस्ट एवं पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से कम्पनी द्वारा विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि



सुन्दरदीप अपने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरन्तर प्रयासरत है जिसके फल-स्वरूप यहाँ के छात्र एवं छात्रायें देश-विदेश मे भारत का नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी. जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो0 डॉ0 प्रसेंनजीत कुमार, प्रो0 चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से0नि0), रजिस्ट्रार डॉ0 राजीव रतन, बृजेन्द्र सिंह, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. डॉ0 मोनिका सेंगर, निदेशक इंजीनियरिंग तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## बहन के सामने युवक से मारपीट, कार में की तोड़फोड़

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में बहन के सामने युवक से मारपीट तथा कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में पटेल नगर निवासी विशाल कश्यप ने बताया कि बीते 14 दिसंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे वह मुरादनगर से हिंडन की ओर जा रहा था। पुस्ता रोड पर ठेके के पास कार सड़क किनारे खड़ी कर वह पानी की बोतल लेने दुकान पर गया था।

# रोजगार संबंधित मुद्दों पर सहयोग करने पर समझौता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** एम.एम.एच कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय सिंह व एल.आर.पीजी कॉलेज साहिबाबाद के व्यवसायिक व सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम की डायरेक्टर डॉ. सरिता ने समझौतापत्र (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। दोनो महाविद्यालय एक दूसरे से वोक. ेशनल व स्किल डवलपमेंट के पाठ्यक्रम व कार्यशाला के आदान प्रदान करने व छात्र-छात्राओ को नये नये स्किल व रोजगार संबंधित मुद्दो पर सहयोग करने पर समझौता संपन्न किया।



समझौता पत्र हस्ताक्षर के अवसर पर प्रोफेसर आर.एस. यादव चीफ प्रॉक्टर, प्रोफेसर सुभाषिणी शर्मा व डॉ. राजपाल त्यागी उपस्थित रहे। इस समझौते से छात्रों को नए स्किल सीखने और रोजगार के अवसर मिलने में मदद मिलेगी। अब छात्रों को दोनों कॉलेजों के संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नितिन रोहतगी के नेतृत्व में

# ओसीडीयूपी के महासचिव सुधीर अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** भारतीय मेडिकल सेल्स रिप्रजेंटेटिव कर्मचारी संघ व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नितिन रोहतगी ने संघ के पदाधिकारियों के साथ ओसीडीयूपी के महासचिव सुधीर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया।






ज्ञापन में संघ के द्वारा कहा गया कि कंपनियों द्वारा सभी मरीजों तक दवाई सुचारू रूप से पहुंचने के लिए सप्लाई चौन को पूर्ण करते हुए अधिकृत स्टॉकिस्ट बनाए जाते हैं परंतु कुछ समय से ऐसी व्यवस्था हो गई है की अधिकृत स्टॉकिस्टों द्वारा भी कंपनियों द्वारा दवाइयां ना लेकर के बाहर से या किसी और प्रदेश से दवाइयां मंगा कर विक्रय किया जाता है जिसमें न सिर्फ उस शहर में कार्यरत मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को अपनी सेल का नुकसान होता है।

अपितु कुछ शरारती तत्वों द्वारा नकली दवाइयां की पूर्ति किए जाने की भी संभावना रहती है जैसा कि अभी आपके भी संज्ञान में पुडुचेरी में नकली दवाईयों की फैक्ट्री जिसकी दवाई उत्तर प्रदेश में भी विक्रय की जा रही थी जिसका नुकसान मरीजों को होता है तथा जांच होने पर व्यापारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होने की संभावना बढ़ जाती है। इसमें हमारा सुझाव यह है कि या तो आप अपने संगठन के माध्यम से स्टॉकिस्टों को सचेत करें कि इस तरह का कार्य न करें अथवा हमारे द्वारा कंपनियों तथा आपको सूचित कर उन पर कार्यवाही करना सुनिश्चित कर जाए।

ऑनलाइन के माध्यम से बेची जा रही दवाइयां जिनका उत्पत्ति का स्थान ही पता नहीं होता तथा उन दवाइयों की नकली आने की भी संभावना रहती है तथा उस शहर के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को अत्यंत मेहनत करने के बाद भी उस सेल का लाभ नहीं मिल पाता इस विषय पर आप करवाई करवाने का कष्ट करें हम पूरे संगठन के साथ इस विषय पर आपको सहयोग देने को तैयार हैं। कंपनियों को सचेत करवाने की भी मांग रखते हैं जिनके द्वारा दवाइयां सीधा डॉक्टर के क्लीनिक पर बगैर किसी अधिकृत प्रपत्र के सप्लाई की जा रही हैं जिसमें मरीज के साथ-साथ उन कंपनियों द्वारा अगर कार्य पर कुछ मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव रखे जाएं और कुछ रोजगार का सृजन हो उसका भी नुकसान होता है हम आपके माध्यम से यह विषय शासन तक पहुंचाने की उम्मीद करते हैं तथा नकली व नशीली दवाइयां के विरुद्ध में हमारा पूरा संगठन आप लोगों को सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्पोर्ट्स से क्षेत्र में भारत को नए आयाम देने की ओर अग्रसर सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल: गौरव चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय अंतर विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट 18 एवं 19 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है जिसमें रोमांचक मुकाबले के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया गया है।





इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद, साहिबाबाद, मेरठ सहित अन्य जिलों के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मेरठ गौरव चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जय दीप चौधरी, युवा अध्यक्ष (आरएलडी) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से पारुल श्रेणी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया।

साथ ही स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु एवं संयुक्त प्रबंधक अनुपम यादव द्वारा अतिथियों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरव चौधरी ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं तथा भारत को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय स्पोर्ट्स कमेटी अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अजय कुमार, अनुज कुमार, अंकिता साहू एवं विभिन्न स्कूलों के कोचों को विद्यालय प्रबंधन तुषार गुप्ता एवं डॉक्टर शिखा दरबारी द्वारा बधाई देते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।

## 11केवी लाइन में फॉल्ट, दो घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**साहिबाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हो पा रहा है। राजेंद्र नगर सेक्टर-2 में गुरुवार सुबह 11 केवी लाइन में फॉल्ट आने से बिजली आपूर्ति दो घंटे तक बाधित रही। जिसके वजह सुबह के समय पेयजल के लिए लोग निजी सप्लायर पर निर्भर रहे। इस कारण लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। विद्युत निगम कि लाइनों से कई स्थानों पर पेड़ सटे हुए है। पेडों के सटे होने के वजह से आए दिन बिजली गुल होती रहती है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। राजेंद्र नगर में गुरुवार को पेड़ की टहनी के हिलने से 11 केवी की लाइन आपस में टकरा गई।

# जिले में 1 जनवरी से नहीं चलेगा बिना क्यूआर कोड वाला रिक्शा

**गाजियाबाद।** शहर में ई-रिक्शा संचालन को सुरक्षित, अनुशासित और पारदर्शी बनाने के लिए यातायात पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए ई-रिक्शा चालकों और स्वामियों को यूनिक क्यूआर कोड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि 31 दिसंबर के बाद बिना क्यूआर कोड ई-रिक्शा नहीं चल सकेंगे। उल्लंघन करने वालों पर एक जनवरी से कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ महिला सुरक्षा को और मजबूत करना है। प्रत्येक ई-रिक्शा को एक विशिष्ट क्यूआर कोड से जोड़ा जा रहा है, जिससे उसका अधिकृत पंजीकरण सुनिश्चित हो सके और अवैध अथवा अनधिकृत ई-रिक्शा के संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ई-रिक्शा चालक का नाम, फोटो, मोबाइल नंबर तथा वाहन से संबंधित पंजीकरण और परमिट की जानकारी उपलब्ध होगी। इससे यात्रियों को चालक की प्रामाणिक पहचान मिल सकेगी और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत सत्यापन संभव होगा।

# आईटीएस कॉलेज में डिजिटल डेंटिस्ट्री कार्यशाला का आयोजन

**■ कार्यशाला के दौरान दंत चिकित्सा की विभिन्न शाखाओं में डिजिटल वर्कफ्लो पर विशेष ध्यान दिया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा डिजिटल डेन्टिस्ट्री विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संस्थान के एम.डी.एस. विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी एवं दंत चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह कार्यशाला आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं



मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित की गयी।

कार्यशाला का संचालन सविता डेन्टल कॉलेज, चेन्नई से पधारे प्रतिष्ठित विशेषज्ञों डॉ नबील अहमद एवं डॉ खुशाली के शाह द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान दंत चिकित्सा की विभिन्न शाखाओं में डिजिटल वर्कफ्लो पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रमुख विषयों में डिजिटल इम्प्लांट प्लानिंग, इम्प्लांट हेतु सर्जिकल गाइड्स, सिंगल क्राउन एवं ब्रिज, डिजिटल स्माइल डिजाइल आदि शामिल थे।

विशेषज्ञों ने कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन किया तथा प्रत्येक विभाग के मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक उन्नत बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। कार्यशाला के दौरान नवीनतम डिजिटल सॉफ्टवेयर पर गहन चर्चा की गई तथा लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी आयोजित किये गये। इसके साथ ही दंत चिकित्सकों एवं एमडीएस विद्यार्थियों को डिजिटल सॉफ्टवेयर के उपयोग हेतु व्यावहारिक हैंड्स ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को डिजिटल डेंटिस्ट्री से जुड़ी नवीनतम प्रक्रियाओं एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम से सभी दंत चिकित्सकों एवं एमडीएस विद्यार्थियों ने डिजिटल डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में महत्वपूर्ण ज्ञान एवं कौशल अर्जित किए, जो भविष्य में संस्थान में रोगियों की देखभाल को और अधिक आधुनिक, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने इस ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन हेतु आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्राकृतिक खेती अपनाइए,उत्पादन घटेगा नहीं बढ़ेगा,मै गारंटी देता हूं:राज्यपाल देवव्रत

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की 123वीं जयंती पर किशनपुर बराल में आयोजित हुआ किसान मेला सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती पर किशनपुर बराल में किसान सम्मान समारोह आयोजित हुआ। केंद्रीय मांत्रे जयंत चौधरी ने बड़ौत में कहा कि किसान को उसकी मेहनत का पूरा दाम मिलेगा, तभी गांव, गरीब और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि खेती केवल आजीविका नहीं, बल्कि देश की रीढ़ है। अगर किसान कमजोर हुआ तो राष्ट्र कमजोर होगा, और अगर खेती मजबूत रही तो देश को कोई हिला नहीं सकता।

जयंत चौधरी ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान सिर्फ खेत तक सीमित न रहे। विज्ञान, तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई सोच को खेती से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की तेज़ प्रगति के पीछे युवाओं की नई सोच है और यही सोच अब खेती में भी उतरनी चाहिए। जयंत चौधरी ने चौधरी अजित सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद किसानों के अधिकारों की बड़ी लड़ाई लड़ी। उनकी स्मृति में इंटर कॉलेज में पुस्तकालय का उद्घाटन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा ही किसान और समाज का सबसे बड़ा हथियार है। किसानों को चेताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार गन्ने की पैदावार कमजोर नजर आ रही है। किसानों को अब एक ही फसल पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। बागवानी, फल, सब्जी, मसाले और वैकल्पिक फसलों में भविष्य की बड़ी संभावनाएं हैं। जयंत चौधरी ने कहा कि छोटे और सीमांत किसान भारतीय कृषि की असली ताकत हैं। इन्हें संगठित करने के लिए एफपीओ जैसी योजनाएं लाई गई हैं, ताकि किसान मिलकर अपनी फसल का सही मूल्य तय कर सकें। उन्होंने कहा कि कुटीर उद्योगों के लिए 2000 करोड़ रुपये का बजट और 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी है, लेकिन जानकारी के अभाव में किसान लाभ नहीं उठा पा रहे। तल्ख लहजे में उन्होंने कहा कि योजनाएं कागजों में नहीं, सीधे खेतों तक पहुंचनी चाहिए। गांव-गांव जागरूकता शिविर लगने चाहिए। जयंत चौधरी ने बताया कि खेती में तकनीक को बढ़ावा देने के लिए किसानों के लिए 15 घंटे का नि:शुल्क कोर्स शुरू किया गया है, जिसमें आईटी विभाग और देश-विदेश की बड़ी कंपनियां जुड़ी हैं। इस कोर्स के बाद माइक्रोसॉफ्ट का प्रमाणपत्र भी मिलेगा। अंत में उन्होंने कहा कि किसान जागरूक होगा, संगठित होगा और तकनीक से जुड़ेगा, तभी खेती बचेगी। और जब खेती बचेगी, तभी देश बचेगा। बागपत किसान सम्मेलन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शिर. कत की और मंच से बड़ा व निर्णायक संदेश दिया। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती छोड़ने और प्राकृतिक खेती अपनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का सबसे मुख्य कारण रासायनिक खेती है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि आज जो हवा ज़हरीली होती जा रही है, उसमें रासायनिक खेती का बड़ा योगदान है। उन्होंने बताया कि खेतों में जब यूरिया डाली जाती है तो उसका




नाइट्रोजन, आकाश के ऑक्सीजन से मिलकर अपने-आप एक गैस बनाता हैख्रनाइट्रस ऑक्साइड, जो कार्बन डाइऑक्साइड से 312 गुना ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने चेतायाकृहर दिन खेतों में बिखेरा जाने वाला हजारों टन यूरिया, ज़हर बनकर हवा में जाता है और यही जहर हमारी जान ले रहा है। राज्यपाल ने कहा आज से 40 साल पहले लोग कैंसर, हार्ट अटैक और जानलेवा बीमारियों के बारे में नहीं जानते थे, लेकिन रासायनिक खेती ने हमारी धरती और हमारे भोजन दोनों को जहरीला बना दिया है। उन्होंने सवाल उठाया-जब खेतों में जहर पड़े रहने से कीड़े-मकोड़े सांप तक नहीं बचते, तो इंसान कब तक बचेगा? उन्होंने किसानों की उस चिंता पर भी बात की कि अगर रासायनिक खेती छोड़ दी तो उत्पादन घट जाएगा। इस पर राज्यपाल ने साफ कहा-प्राकृतिक खेती अपनाइए, उत्पादन घटेगा नहीं बढ़ेगा, मैं गारंटी देता हूं। आचार्य देवव्रत ने बताया कि वे खुद 180 एकड़ में खेती करते हैं और लाखों किसान अब रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ चुके हैं, जिससे धरती का कार्बन कंटेंट भी सुधर रहा है। इस मौके पर मंत्री अनिल, साहब सिंह,



जिलाधिकारी अस्मिता लाल, जयदेव सिंह आदि मंत्रीगण, अधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।







## एसआईआर फॉर्म भरकर जमा करे नागरिक, मजबूत लोकतंत्र की शुरुआत आपसे: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में खिदमत सोसायटी के तत्वावधान मे चौधरी फार्म हाउस मे SIR जागरूकता अभियान व सामाजिक कुर्तियों को दूर करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अथिति व मुख्य वक्ता जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उपस्थित नागरिकों को SIR के बारे मे जागरूक करते हुए सभी को SIR फ़ार्म भरने की बात कही तथा समाज मे फ़ैल रही कुर्तियों को दूर करने के लिए आहवान किया। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि खिदमत सोसायटी द्वारा व खाप चौधरी संगठन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम मे आप सभी इस बात का प्रण ले की हम सभी अपनी बेटियों को अच्छे से पढ़ायगे ओर बेटियों को भी बेटों की तरह ही इस दुनिया मे स्थान देंगे ओर सभी सुख सुविधाओं के साथ



उनका लालन पालन करेंगे, तथा भ्रूण हत्या व दहेज़ प्रथा को समाप्त करेंगे ओर दहेज़ माँगने वाले लोग जो भीख मांगने की तरह दहेज़ की मांग करते हैँ उन्हें दहेज़ ना देकर नये समाज का आईना दिखायगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए खिदमत सोसायटी के अध्यक्ष डा. इरफ़ान मलिक ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम मे जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा जो भी सुझाव देकर हमारा मार्गदर्शन किया है। हम सभी सामाजिक संस्था व देश खाप चौधरी जिलाधिकारी अस्मिता लाल के इन सभी सार्थक मुहीम मे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे व SIRसे सम्बंधित जानकारी देने के लिए छोटी छोटी बैठक करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्राह्मण समाज 84 देश खाप चौधरी पंडित सुभास शर्मा ने कहा कि देश खाप संगठन हमेशा से ही समाज की दिशा व दशा मे सुधार लाने के लिए समय समय पर जागरूकता



अभियान चला रहे है। 84 देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा ने सफल आयोजन के लिए खिदमत सोसायटी के अध्यक्ष डा.इरफ़ान मलिक व समस्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिदमत सोसायटी पिछले 1 महीने से SIR जागरूकता अभियान मे बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है तथा जनता को मोहल्लो मे नुक्कड़ सभाओ के द्वारा जागरूक करने का कार्य कर रही है। उपजिलाधिकारी मनीष यादव व अमर सिंह ने भी उपरोक्त विषय मे जनता को जानकारी दीं तथा शहर काजी मौलाना आरिफ उल हक़, डा.योगेश जिंदल, हलीम चौधरी, उमर जान खान ने भी बैठक को सम्बोधित किया, प्रोग्राम मे खिदमत स्कूल की छात्राओं ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व भ्रूण हत्या पर रोक से सम्बंधित चित्र भेट की तथा पूर्व सभासद जैनब मलिक ने जिला. धिकारी अस्मिता लाल को बुके भेट कर व शाल उढ़ा कर सम्मान किया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने समाज मे जागरूकता लाने के हेतु किये जा रहे सफल प्रयास के लिए व आज के सफल आयोजन के लिए सोसायटी अध्यक्ष इरफ़ान मलिक, चौधरी प.सुभाष भारद्वाज देश खाप चौधरी व मौलाना आरिफ उल हक़ को कुल दीपक व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्लोगन लिखी टेबल घड़ी के रूप मे मोमेंटो भेट कर शुभकामनायें प्रदान की। बैठक मे पीतम सिंह आर्य, चंद्र प्रकास, प्रधान अंकुर जैन डा.देवेंद्र पवार,राजेंद्र जैन, ओमकार दत्त, विकास तोमर,चौ. सुखपाल, चौ. यामीन, वंदना गुप्ता, प्रीति, रेनू, शालू, नैना शर्मा, आशीष, अभिषेक, रवि ठाकुर, चौ. सत्यप्रकास, दानिश प्रधान, इमलाख बैग, मौ.नौशाद,फ़ताब मलिक आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष ने किया भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर पालिका परिषद के मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचकर जनपद कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह के नेतृत्व भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना गलत है। एक अधिनियम के तहत महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाना है। कांग्रेस इसका विरोध प्रदर्शन करती है। इस मौके पर महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह पूनम देवी सरिता चौधरी सुशील शर्मा ओमी देवी सायरा रीना देवी सरला देवी सुनीता मिथलेश देवी आदि मौजूद रहीं।

## फिर किया घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दो दिन की राहत के बाद एक बार फिर घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है। देर रात से ही घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे ठंडक में भारी बढ़ोतरी हुई है। सड़कों पर दृश्यता कम होने के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई है।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-सहारनपुर हाईवे और बागपत-मेरठ हाईवे पर वाहन चाल. कों को हेडलाइट जलाकर यात्रा करनी पड़ रही है। कई वाहन चालक कोहरा छंटने के इंतजार में सड़कों के किनारे खड़े देखे गए। जिले में रात का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और दिन का तापमान लगभग 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है, जबकि तेज हवाओं ने ठंडक को और बढ़ा दिया है। ठंड के साथ-साथ प्रदूषण भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बागपत में वायु गुणवत्ता सूचकांक द्ध क्र्न्ह्र लगभग 350 के करीब है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती की गई है। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर उचित व्यवस्थाएं की हैं और लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से अपील की है कि वे कोहरे में सावधानी से वाहन चलाएं और



केवल आवश्यक होने पर ही यात्रा करें। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सलाह दी है कि वे सर्दी में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर तुरंत अस्पताल से संपर्क करें। बढ़ती ठंड और कोहरे से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे दोनों में और वृद्धि होने का अनुमान है।

## प्रधान नवाज़िश खान ने लगवाया आंखों का नि:शुल्क शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के गाँव टाँड़ा स्थित ग्राम सचिवालय में ग्राम प्रधान नवा. जिश खान ने आँखों से सम्बन्धित उपचार के लिए ए.डी.के. जैन आँखों के अस्पताल खेकड़ा के सहयोग से लगाया आँखों का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर।

शिविर संचालक डा.चन्द्रवीर ने बताया कि आँखों के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 215 मरीजों की जाँच के साथ 55 मरीजों को चश्में उपलब्ध कराये गये तथा 20 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए ए.डी.के. जैन अस्पताल रेफर किया गया। जहाँ मरीजों के नि:शुल्क ऑपरेशन के साथ आने जानें और खाने का खर्च ग्राम प्रधान नवाजिश खान व ए.डी.के. जैन अस्पताल वहन करेगा। ग्राम प्रधान



नवाजिश खान ने कहा इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मानवता को समर्पित परोपकार के पवित्र कार्य है। ग्रामवासीयों की समस्या का निवारण व उनकी सेवा ग्राम प्रधान का नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर शिविर संचालक डा.चन्द्रवीर, डा.सचिन, डा. मीनाक्षी, गुलफ़शा, नवाजिश खान, दीपा शर्मा, साकिर अली, सतबीर शर्मा, जमशेद डीलर आदि उपस्थित रहे।

## संसार में जीवात्मा तब तक ही रहता है जब तक जीव के अंदर रहाता है संसार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि संघ (35 पीछी)की शीतकालीन वाचना हेतु, अजितनाथ सभागार मंडी में अजितनाथ साधु सेवा समिति के तत्वावधान में मंगल कलश स्थापित किया गया, जिसका सौभाग्य विजेंद्र जैन तरुण जैन भगवती स्टील वालो को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि संसार में जीवात्मा तब तक ही रहता है जब तक जीव के अंदर संसार रहता है। बाहर का संसार चतुरगति रूप है। आपके अंदर रहने वाला संसार,आपके ही राग द्वेष मोह रूप विभव परिणाम है। यह जीव अपने ही अंदर के राग आदि विभावो से प्रेरित होकर अपने संसार को बढ़ता रहता है। परम हितकारी निर्ग्रन्थ मुनिराज भव्य जीवो को राग, द्वेष, मोह आदि विभावो से बचने का मार्ग बताते हैं। आत्म हित चाहने वाले भव्य जीवात्मा, राग आदि भावो से स्वयं की रक्षा करते हुए, पर पदार्थ एवं परभाव से रुचि हटाकर, आत्म स्वभाव में ही रुचि बढ़ाते हुए निज आत्मा तत्व में लीन होते है। सभा का संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन ने किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, एडवोकेट विनोद जैन, वरदान जैन, संजय जैन, अमित जैन, अखिलेश जैन, अतुल राय, राकेश जैन, विवेक जैन आदि उपस्थित रहे।

## पीड़ित महिला ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई अपनी सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र की एक महिला ने एसपी से शिकायत करते हुए महिला ने पति पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि उसकी शादी लगभग चार वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति अक्सर शराब पीकर घर आता है और उसके साथ मारपीट व झगड़ा करता है। महिला के अनुसार, वह एक कंपनी में काम करके परिवार का पालन-पोषण कर रही है, जबकि उसका पति नशे की हालत में उसके साथ अभद्र व्यवहार और आए दिन मारपीट करता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति ने शराब के नशे में कई बार उसके साथ मारपीट की है और उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया है। हाल ही में, पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि लगातार हो रही हिंसा के कारण उसे अपनी जान का खतरा है। उसने पहले भी पारिवा. रिक स्तर पर मामले को सुलझाने का प्रयास किया था, लेकिन पति के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। महिला ने एसपी से शिकायत करते हुए अपने पति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उसने पुलिस से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और पति की शराब की लत व हिंसक प्रवृत्ति पर रोक लगाने की गुहार लगाई है।

## ईओं ने लिया प्राईमरी पाठशाला में जरूरत सामग्री वितरित करने का निर्णय





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने जिलाधिकारी द्वारा आवंटित प्राईमरी पाठशाला सिसाना का निरीक्षण किया, जिसमें मिड डे मील भोजन की गुणवत्ता को जाँचा गया, जोकि ऊच्च श्रेणी की पाई गई। साथ ही स्कूली बच्चों के ज्ञान की भी परीक्षा ली गई, जिसमें अधिकतर बच्चे सफल रहे। बच्चो को मात्रात्मक अशुद्धियों के बारे में जागरूक किया गया। 19 दिसंबर को प्रस्तावित तिथि भोजन के लिए स्कूली बच्चों की ज़रूरतों की जानकारी ली गई और उनके लिए ज़रूरी लेखन सामग्री शीत ऋतु को देखते हुए जर्सी, स्वेटर, टोपा, खाने के लिए बर्तन, भोजन थाल, चम्मच, कढ़ाई, भगोना, गैस चूल्हा, नीचे बैठने की चटाई आदि की देखा गया। इस दौरान सभी आवश्यकताओं को पूरा करने का वादा किया गया।

### सूचना

हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र शाकिर अली व उसकी पत्नि इसरत से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मौ.ताहिर पुत्र सरीफ व खुशनुदा पत्नि मौ.ताहिर निवासीगण पठान कोट थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

### NOTICE

It is for general information that I, Brahamdutt Sharma S/o Rajvir Sharma R/o Near bharat Gas office, Meetli, Mitli,Baghpat, Uttar Pradesh-250601 declare that name of mine has been wrongly written as Brahm Dutt in my minor daughter Vanshika aged 17 years in her 10th and 12th Class Educational Documents. The actual name of mine is Brahamdutt Sharma.

# मीट फैक्ट्री में मजदूर की मौत पर बड़ा खुलासा संभव

## परिजनों के आरोपों के बाद प्रशासन सख्त, कब्र से निकाला गया शव, दोबारा कराया जा रहा पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हैदराबाद में स्थित एक मीट फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की रहस्यमयी मौत ने प्रशासनिक महकमे को हिला कर रख दिया है। मृतक के परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीर मानते हुए सख्त कदम उठाया है। जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर मृतक का शव कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिससे मौत के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।





मृतक की पहचान अमजद खान के रूप में हुई है, जो हैदराबाद में हाजी फ़ज़्लु नामक मीट कारोबारी की फैक्ट्री में मजदूरी करता था। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले अमजद की फैक्ट्री परिसर में ही अचानक मौत हो गई थी। उस समय फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इसे सामान्य मृत्यु बताया गया, जिसके बाद शव को हापुड़ लाकर नगर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदर गेट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि अमजद की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई, लेकिन उन्हें सही जानकारी दिए बिना जल्दबाजी में दफन कर दिया गया। उनका कहना है कि पूरे मामले में कई अहम तथ्यों को छिपाया गया है। इसी को लेकर परिजनों ने जिला. धिकारी से मिलकर निष्पक्ष जांच और दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग उठाई। शिकायत के बाद प्रशासन ने कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए कब्र खुदवाने का निर्णय लिया। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया और विधिवत पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सदर एसडीएम इला प्रकाश ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे और उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुलिस और प्रशासन पूरे प्रकरण पर सतत निगरानी बनाए हुए हैं। परिजनों को भरोसा दिलाया गया है कि जांच निष्पक्ष होगी और यदि किसी भी स्तर पर अपराध या लाप. रवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पालिका अध्यक्ष ने वार्ड 4 व 7 की नई सड़कों का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विभू बंसल ने वार्ड नंबर चार एवं वार्ड नंबर सात में नवनिर्मित सड़कों का विधिवत लोकार्पण किया। सड़कों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को रोजमर्रा के आवागमन में बड़ी राहत मिली है। नई सड़कों के साथ गलियों में सफाई और स्वच्छ वातावरण बनने से बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को भी विशेष लाभ मिलेगा। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए शासन को कई महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्ताव भेजे गए हैं। जैसे ही इन योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त होगी, पिलखुवा में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगरवासियों की सुविधा, संतुष्टि और बेहतर जीवन स्तर ही नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर वार्ड चार के सभासद पति पवन चौधरी, वार्ड सात के सभासद नरेश भारती सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सड़कों के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद का आभार जताया।



# रोटरी क्लब के तत्वावधान में थैलेसीमिया जांच व रक्तदान शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रोटरी क्लब जिंदल नगर के तत्वावधान में जीएस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, हापुड़ में थैलेसीमिया जांच शिविर एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। शि. विर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की समय रहते पहचान कर उन्हें जांच, उपचार एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस मौके पर रोटरी क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रमेश अग्रवाल ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी है, जिसकी पहचान विवाह से पूर्व अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया दो प्रकार का होता है माइनर और मेजर। यदि पुरुष माइनर एवं महिला माइनर हों, तो 25 प्रतिशत तक संतान के प्रभावित होने की संभावना रहती है, जबकि पुरुष मेजर एवं महिला नकारात्मक होने की स्थिति में यह संभावना 50 प्रतिशत तक हो सकती है। किसी भी परिस्थिति में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि दोनों पक्ष मेजर थैलेसीमिया से पीड़ित न हों, अन्यथा आने वाली संतान निश्चित रूप से थैलेसीमिया से ग्रसित होगी। रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं आती, बल्कि नए रक्त के निर्माण से शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम में दीपक अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान और पुण्य कार्य नहीं है। शिविर के सफल आयोजन में अध्यापकों व चिकित्सकों का सराहनीय योगदान रहा।



# सिम्स में तीन दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में मेज़बान टीम बनी चैम्पियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, अनवरपुर, द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल टूर्नामेंट स्मेश का भव्य एवं गरिमामय समापन गुरुवार को संस्थान के वॉलीबॉल मैदान में संपन्न हुआ। उत्साह, अनुशासन और खेल भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन का समापन उस गौरवपूर्ण क्षण के साथ हुआ, जब मेज़बान टीम सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ और जीएस मेडिकल कॉलेज के बीच खेला गया। घरेलू दर्शकों के जोशीले समर्थन के बीच मेज़बान टीम ने संयम और आत्मविश्वास के साथ निर्णायक जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान की प्राचार्या डा. बरखा गुप्ता एवं महाप्रबंधक एन वर्धराजन ने विजेता टीम को चैम्पियनशिप ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए जबकि उपविजेता जीएस मेडिकल कॉलेज की टीम को रजत पदकों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन रघुवर दत्त, चिकित्सा अधीक्षक डा. मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवा. लिया तथा वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर डा. आरके सहगल की विशिष्ट उपस्थिति रही। समारोह में वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं आयोजन समिति के अधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन की सफलता में संस्थान के नेतृत्व, संकाय सदस्यों, छात्र परिषद एवं आयोजन समिति का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा। रोमांचक मुकाबलों और स्मरणीय समापन समारोह के साथ स्मैश एक प्रेरणादायक संदेश के साथ संपन्न हुआ, जिसने भविष्य के अंतर-महाविद्यालय खेल आयोजनों के लिए एक सशक्त मानक स्थापित किया।



# राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोम दत्त शर्मा व पूर्व सांसद का फूलों से जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोम दत्त शर्मा एवं पूर्व सांसद बिजनौर शीशराम रवि का मुरादाबाद से दिल्ली जाते समय हापुड़ रेलवे प्लेटफार्म पर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के पदाधिका. रियों व कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं को फूल-मालाओं से सम्मानित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोम दत्त शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समाज की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से आहवान किया कि वे एकजुट होकर विश्व ब्राह्मण संघ भारत के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा के हाथों को मजबूत करें, ताकि समाज के हितों की प्रभावी रक्षा की जा सके। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के साथ आशीष शर्मा, पंडित सुनील शर्मा, जितेंद्र शर्मा, आशु सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



# नेशनल युवा उत्सव के लिए जेएमएस स्कूल की माही बाना चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मंडल स्तरीय युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ-साथ जनपद का नाम रोशन किया है। कहानी लेखन प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा माही बाना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। माही अब 22 से 24 दिसंबर तक लखनऊ में आयोजित होने वाले नेशनल युवा उत्सव में हापुड़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा सिद्दी त्यागी ने अपने सहपाठियों शशका, जिज्ञासा एवं सूजल के साथ मिलकर विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव डा. रोहन सिंघल ने प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक डा. आयुष सिंघल ने भी विजयी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हमेशा अपने विद्यार्थियों को ऐसे मंच उपलब्ध कराता रहेगा, जहाँ वे अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखार सकें। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर कांता पलवालिया को भी बधाई दी।



## एक नजर

### फर्जी कागजातों से कराया लोन, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी देने के उद्देश्य से लोन लेने के लिए फर्जी कागजात तैयार करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त राजू उर्फ पिडका पुत्र मानसिह निवासी ग्राम नौगवा थाना छाता व भिक्की पुत्र बसन्ता निवासी ग्राम राकोली थाना बरसाना को मण्डी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक अभियुक्त मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। मेहनत मजदूरी के दौरान मंडी चौराहे पर राजू की मुलाकात भिक्की पुत्र बसन्ता निवासी ग्राम राकोली थाना बरसाना मथुरा व उसके रिश्तेदार महेश पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम अडूकी थान हाईवे मथुरा व सुरेश से हुई थी। जिन्होंने मुझे बताया कि हम सब मिलकर तुम्हारा बैंक में फर्जी कागजात लगाकर लोन करा देंगे और वह तुमको वापस भी जमा नहीं करना पडेगा। राजू लालच में आ गया। भिक्की एक खतौनी अपने गांव के वल्लो की लेकर आया था। षडयन्त्र रचकर फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड तैयार कर एक खाता पंजाब नेशनल बैक की बीएसए रोड शाखा मे वल्लो पुत्र छन्टी निवासी ग्राम राकोली थाना बरसाना मथुरा के नाम से मिलवाया तथा वल्लो पुत्र छन्टी के नाम से अन्य कागजात तैयार कराकर कृषि ऋण के लिये आवेदन किया। जिसमें गवाह के रूप मे भिक्की, महेश थे। सभी ने षडयन्त्र रचकर धोखाधड़ी व कूटरचित आधार कार्ड व पैन कार्ड व अन्य कागजात से पंजाब नेशनल बैक की बीएसए रोड शाखा से करीब 4 लाख 37 हजार रुपये का लोन प्राप्त कर लिया तथा लोन से प्राप्त धनराशि आपस में बांट ली थी।

### ठंड से न हो किसी की मौत, जिला प्रशासन कर रहा सुनिश्चित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला प्रशासन सुनिश्चित कर रहा है कि ठंड से किसी की मौत न हो। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि गोवर्धन तहसील में 13 स्थानों, महावन में 13 स्थानों, मांट में 10 स्थानों, छाता में 07 स्थानों तथा सदर में 16 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। कुल 59 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि तहसील गोवर्धन में पांच रेन बसेरा, तहसील महावन में तीन रेन बसेरा, तहसील मांट में दो रेन बसेरा, तहसील मथुरा में 13 रेन बसेरा तथा तहसील छाता में चार रेन बसेरा स्थापित किए गए है। जनपद में कुल 27 रेन बसेरा है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद की सभी तहसीलों में जरूरतमंदों को लगातार कंबल वितरित किए जा रहे है। तहसील सदर में 1208, छाता में 1000, मांट में 1000, महावन में 1000 तथा गोवर्धन में 1000 कुल 5208 कम्बल वितरण हेतु दिए गए है, जो निरंतर वितरित किए जा रहे है। जिलाधिकारी ने बताया है कि जनपद की सभी गौशालाओं में गौवंशों को ठंड से बचाव हेतु अलाव, त्रिपाल, बोरी, शेड आदि की व्यवस्था की गई है।

# दहेज़ हत्या में फरार हत्यारोपी सास गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रही हत्यारोपी सास को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जनपद में अपराध की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई है।

थाना प्रभारी धीरज मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के ग्राम भदस्याना निवासी आशा पत्नी कीरत सिंह उर्फ पप्पू, जो दहेज हत्या के मामले में नामजद अभियुक्ता थी, घटना के बाद से लगातार फरार चल रही थी। पुलिस को उसकी तलाश में लगातार प्रयास करने पड़ रहे थे। विश्वसनीय सूचना के आधार पर थाना बहादुरगढ़ पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाने लाया गया, जहां उससे आवश्यक पूछताछ की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपिता के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।



# दो फरार बदमाशों पर 20-20 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और फरार अपराधियों पर नकेल कसने के लिए हापुड़ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने दो कुख्यात अपराधियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दोनों आरोपी गंभीर आपराधिक मामलों में फरार हैं और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे हैं।





पुलिस के अनुसार, गढ़ थाना क्षेत्र में हुई हत्या की एक सनसनीखेज वारदात में वांछित आरोपी राहुल, निवासी भड़ौली, थाना किठौर जनपद मेरठ घटना के बाद से फरार है। अब उस पर इनाम घोषित होने के बाद पुलिस ने कई विशेष टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश तेज कर दी है। वहीं, एक अन्य मामले में लूट की घटना को अंजाम देकर फरार चल रहे आयुष, निवासी बरेली, पर भी 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस का कहना है कि आयुष की तलाश सिर्फ हापुड़ ही नहीं, बल्कि आसपास के जनपदों में भी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनपद में अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। फरार अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें जल्द कानून के कटघरे में खड़ा किया जाएगा। हापुड़ पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। यदि किसी को इन दोनों वांछित अपराधियों के बारे में कोई जानक. ारी मिलती है, तो वे तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोप. नीय रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने दो टूक कहा है कि जिले में शांति और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# सपा के जिला उपाध्यक्ष बने मोहम्मद इसरार, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को बुलंदशहर रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी में समाजवादी पार्टी द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मोहम्मद इसरार को समा. जवादी पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष को फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत एवं बधाई दी।

जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद मोहम्मद इसरार ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक एवं मुस्लिम समाज सहित सभी वर्गों को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही समा. जवादी पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। एसआईआर अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और आम जनता को एसआईआर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद इमरान ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति पर चल रही है और देश के नागरिकों को आपस में लड़ाकर बांटने का काम कर रही है।



उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास अब कोई जनहित का मुद्दा नहीं बचा है। सपा नेता मोहम्मद इमरान ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सड़क सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर बात नहीं कर रही है। आज देश और प्रदेश की स्थिति चिंताजनक है। महंगाई चरम पर है, लेकिन सरकार जनता का ध्यान भटकाने में लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि 2024 में समाजवादी पार्टी का पीडीए फार्मूला सफल रहा है और 2027 में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने के बाद शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में ठोस कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मोहम्मद इमरान के साथ आवेश प्रधान, आज़ाद अल्वी, मोहम्मद जुबेर सहित बड़ी संख्या में समा. जवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

eFk|jkA केंद्र की सत्तारूढ़ मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी और उसके शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की जा रही कार्रवाइयों के विरोध में गुरुवार को मथुरा में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों को कार्यालय तक पहुंचने से पहले रोकने के लिए पुलिस बल तैनात था। कार्यालय तक पहुंचने के लिए कांग्रेसियों को रोकने के लिए मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। इसके बावजूद कांग्रेसी धक्का मुक्की करते हुए कार्यालय की ओर बढ गये। पुलिसकर्मियों के साथ इस दौरान कार्यकर्ताओं की जद्दोजह भी हुई। आखिर में कुछ कार्यकर्ता कार्यालय तक पहुंचने में सफल रहे और कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। आंदोलन पूर्व निर्धारित था, देशव्यापी आंदोलन के दौरान मथुरा में भी प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय नेतृत्व एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा ने जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता बजरंग चौराहे से जुलूस के रूप में चलकर पुष्पांजलि एंक्लेव स्थित जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे और वहां घेराव कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि जिस यंग इंडियन मामले को भाजपा सरकार ने एक दशक तक कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार और मीडिया ट्रायल के लिए इस्तेमाल किया, वह पूरी तरह कानूनी रूप से अस्तित्वहीन निकला। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय ने यंग इंडियन केस में ईडी की कार्रवाई को खारिज करते हुए उसे दुर्भावनापूर्ण, फर्जी और अवैध करार दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि न तो कोई मनी लॉन्ड्रिंग हुई, न कोई आपराधिक आय है, न ही संपत्ति का कोई हस्तांतरण हुआ और इस मामले में ईडी के पास न तो कोई वैध अधिकार है और न ही एफआईआर। बिना एफआईआर के कोई मामला बनता ही नहीं है। यह फैसला मोदी सरकार की बदले और प्रतिशोध की राजनीति को पूरी तरह उजागर करता है। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि सत्ता चाहे जितनी भी ताकतवर हो, सत्य के सामने साजिशें टिक नहीं पातीं। कांग्रेस का कार्यकर्ता न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। सोनिया गांधी और राहुल गांधी सत्य और देश के हर नागरिक के अधिकारों की लड़ाई लड़ते हैं, उन्हें डराया नहीं जा सकता। भाजपा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ की जा रही हर गैरकानूनी कार्रवाई का जवाब देने में पार्टी पूरी तरह सक्षम है। घेराव कार्यक्रम का संचालन संदीप चौधरी ने किया। प्रदर्शन में ललिता देवी, रूपा लवानिया, नीलम कुलश्रेष्ठ, हरदीप सिंह, पंकज चौधरी, धीरज शर्मा, राजकुमार तिवारी, प्रेम शंकर शर्मा, मनोज गौड़, अप्रतिम सक्सेना, आदित्य तिवारी, अश्वनी शुक्ला, दुर्गेश बघेल, राशिद कुरैशी, जिलानी कादरी, रमेश कश्यप, नितिन वार्ष्णेय, तपेश गौतम, अर्नब चौधरी, मानवेंद्र आदि रहे।

# बाइक चोरी गैंग का भंडाफोड़

## एक आरोपी गिरफ्तार, 10 वाहन बरामद, पलक झपकते ही खोल देता था लॉक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एनसीआर के जनपदों में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को थाना फेस-3 पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के 10 दोपहिया वाहन बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाश ने वाहन चोरी की कई वारदातें करनी स्वीकार की है। इसके अलावा थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मोबाइल फोन के टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बाल अपचारी हैं। इनके पास से चोरी के दो आरआरयू बरामद हुआ है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि थाना फेस तीन पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर मामूरा गांव के पास से अजय नामक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से चोरी की हुई 10 मोटरसाइकिलें व 2 चाबी बरामद की है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने चोरी के बरामद माल के बारे में बताया कि वह देर रात्रि में सुनसान जगह पर खडे वाहनों से वाहनों के उपकरण चोरी करता है तथा दुपहिया वाहनों को चोरी करके राहगीरों को बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करता है।

इसके अलावा थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि आज एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने निशांत पुत्र आदिल निवासी दिल्ली उम्र 18 वर्ष, मोहम्मद कैफ उर्फ नेपाली उम्र 21 वर्ष तथा दो बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से चोरी के दो आरआरयू बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि ये बदमाश विभिन्न जगहों पर लगे मोबाइल फोन के टावरों से कीमती उपकरण चोरी करते हैं।

## देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा नोएडा

**नोएडा।** नोएडा गुरुवार को देश का सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई 397 दर्ज किया गया। बुधवार के मुकाबले गौतमबुद्ध नगर में प्रदूषण बढ़ गया। हल्के कोहरे के कारण शाम को हवा और जहरीली हो गई। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 344 दर्ज किया गया। एक दिन पहले के मुकाबले नोएडा का एक्यूआई 66 अंक बढ़ा। वहीं, ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में 34 अंक की बढ़ोतरी हुई। शाम छह बजे के बाद नोएडा के तीन स्थानों सेक्टर-125, सेक्टर-1 और सेक्टर-116 का एक्यूआई 400 से अधिक हो गया था। सबसे अधिक प्रदूषित सेक्टर-1 रहा। यहां का एक्यूआई 455 दर्ज किया गया।

वहीं, ग्रेटर नोएडा के दोनों स्थानों का एक्यूआई 400 से कम रहा। रात सात बजे बजे नोएडा का एक्यूआई 415 और ग्रेटर नोएडा का 364 तक पहुंच गया। सेक्टर-1 में पीएम 10 का स्तर सुबह चार बजे 574 रहा। जिले के सभी छह स्थानों में पीएम 2.5 का स्तर पीएम 10 के स्तर से अधिक रहा।

# युवती का अपहरण करना चाहता था कैब चालक, 100 की स्पीड में चलती कार से कूदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा से युवती के साथ हुई एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। ऑफिस से घर लौटते समय कैब बुक करना युवती के लिए उसके जीवन का इतना डरावना सपना बन जाएगा, उसने सोचा नहीं था। घर जाते समय उसका सामना एक ऐसे ड्राइवर से हुआ, जिसका इरादा कुछ और ही था। ऑफिस से निकलने के कुछ देर बाद ही युवती को महसूस हो गया था कि वह गलत रास्ते पर जा रही है। इस बात के लिए जब उसने ड्राइवर को टोका तो उसने युवती की बात को अनसुना कर दिया। हालात तो तब बिगड़ गए जब ड्राइवर ने उससे फोन छीनने की कोशिश की। बाद में बात इतनी बढ़ गई कि युवती को चलती गाड़ी में कूदना पड़ा।

30 नवंबर को रात के 11:40 बजे के आस-पास युवती ने ऑफिस से घर जाने के लिए कैब बुक की। कैब बुक करने के कुछ ही देर में एक यूपी के नंबर वाली गाड़ी ऑफिस के बाहर आ पहुंची। युवती के कैब में बैठने के कुछ देर तक सब सही था, लेकिन अचानक युवती ने महसूस किया कि ड्राइवर ने गलत रास्ते पर गाड़ी घुमा ली है। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर ने सेक्टर-62 के अंडरपास के बदले दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ गाड़ी मोड़ी थी। ऐसा होने पर युवती को ड्राइवर के इरादों पर थोड़ा शक हुआ। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए ड्राइवर से रास्ता बदलने का कारण पूछा लेकिन ड्राइवर ने उसकी बात को बिल्कुल अनसुना कर दिया और उसी दिशा में गाड़ी चलाता रहा। युवती बार-बार गाड़ी रो. कने के लिए ड्राइवर से बोलती रही लेकिन उसने नहीं रोक और गाड़ी की स्पीड और बढ़ा दी। इसी बीच उन दोनों के बीच कहा सुनी हो गई। साथ ही युवती ने जब शोर मचाने का प्रयास किया, तो इस पर भी युवती को ड्राइवर ने धमकी देकर डराने का प्रयास किया।

इतना ही नहीं जब युवती ने फोन निकालकर पुलिस से संपर्क करने का प्रयास की, तब ड्राइवर उसका फोन छीनने लगा। इतना सब होने के बाद युवती का ड्राइवर की नीयत को लेकर शक यकीन में बदल चुका था। युवती ने बहुत हिम्मत के साथ खुद को बचाने के लिए योजना बनाई। जैसे ही गाड़ी की स्पीड थोड़ा धीरे हुई, वह गाड़ी से कूद गई और जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। चलती गाड़ी से कूदने की वजह से युवती को चोट तो आई है, लेकिन फिर भी वह अपनी जान बचाने में सफल रही। गाड़ी से कूदने के बाद लड़की को सड़क किनारे एक आदमी से मदद लेनी पड़ी। उसके बाद ड्राइवर ने वापस अपनी कैब मोड़ी और उसे घूरता हुआ चला गया।

# बिसाहड़ा कांड में 23 दिसम्बर को अगली सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा के बिसाहड़ा कांड मामले में सरकार की ओर से मुकदमा वापस लेने की अर्जी पर अब 23 दिसंबर को सुनवाई होगी। शासन और संयुक्त निदेशक अभियोजन के आदेश के बाद सहायक जिला शासकीय वकील (फौजदारी) ने अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिसमें सामाजिक सद्भाव की बहाली को देखते हुए मुकदमा वापस लेने का आदेश पारित करने की अनुम. ति मांगी गई है। इससे पहले 12 दिसंबर को हुई सुनवाई में अभियोजन पक्ष ने समय मांगा था। जिसके बाद आज की तारीख दी गई थी। ऐसे में कोर्ट में दोपहर बाद सुनवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन के न्याय अनुभाग-5 (फौजदारी) लखनऊ द्वारा 26 अगस्त 2025 को जारी शासनादेश के अनुसार इस मुकदमे को वापस लेने का निर्णय लिया गया था।संयुक्त निदेशक अभियोजन गौतमबुद्धनगर ने 12 सितंबर 2025 को पत्र जारी करते हुए जिला शासकीय वकील (फौजदारी) गौतमबुद्धनगर को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि राज्यपाल महोदया द्वारा अभियोजन वापसी की अनुमति प्रदान कर दी गई है। यह कार्रवाई दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-321 के तहत की गई है। इसके बाद 15 अक्टूबर को अर्जी दाखिल की गई थी।

**क्या था मामला?:** 28 सितंबर 2015 की रात थाना जारचा क्षेत्र के गांव बिसाहड़ा में गोमांस सेवन की अफवाह फैलते ही भीड़ ने एक घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान गांव निवासी अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

## पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-59 के वेंडिंग जोन में वेंडर्स ने सीटू कार्यकर्ताओं के सहयोग से गुरुवार को प्रदर्शन किया। वेंडर्स ने पुलिस के खिलाफ उत्पीड़न करने समेत कई अन्य आरोप लगाए। पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री और सीटू के जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने आरोप लगाया कि पुलिस कर्मी पिछले कुछ दिनों से अनुचित लाभ के लिए वेंडर्स पर दबाव बनाने के लिए रात नौ बजे से पहले ही जबरन दुकानें बंद करवा देते हैं, जिसके कारण वेंडर्स का आर्थिक नुकसान हो रहा है।

उक्त वेंडिंग जोन औद्योगिक क्षेत्र के बीच में है, यहां पर ग्राहक रात नौ बजे उद्योगों से छुट्टी होने के बाद आते हैं।

# 12 करोड़ के फ्रॉड में एक गिरफ्तार



**■ गिरोह देश में 35 करोड़ से ज्यादा कर चुके फ्राड, खाते से संबंधित मिली 37 शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश में लगभग 35 करोड़ रुपए से ज्यादा और नोएडा में निवेश के नाम पर 12 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में चाइनीज साइबर ठगों से जुड़े एक ठग को साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। इसका नाम सुधाकर गर्ग पुत्र ईश्वर सिंह गर्ग है। इसकी गिरफ्तारी रो. हतक हरियाणा से की गई।

दरअसल 3 दिसंबर को आईटी एक्ट में शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। इस धोखाधड़ी में संदिग्ध बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया था। 5 दिसंबर को इस मामले से जुड़े चार ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसमें दो लोग मुंबई पुलिस व दो को हैदराबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

सुधाकर गर्ग ने पूछताछ में बताया गया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए संदिग्ध व्यक्ति राशिद खान उर्फ लकी से हुई थी। राशिद खान उर्फ लकी द्वारा उसे जीएसटी फर्म एवं करंट बैंक खाते खुलवाने के लिए बताया। खाता खोलने के बाद उसे मुंबई बुलाया गया। राशिद खान उर्फ लकी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर खुलवाए गए विभिन्न बैंक खातों में साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि ट्रांसफर कराता था।

**यूएसडीटी को कंवर्ट करते:** धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खातों में आई धनराशि के एवज में ठग को 07 से 10 प्रतिशत राशि नकद प्राप्त की जाती थी। जबकि खाताधारक को 01 से 03 प्रतिशत के अनुपात में यूएसडीटी दिया जाता था। इसके बाद ठग यूएसडीटी को ठप्छ।छब्ब एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बेचकर, मिली धनराशि को यूपीआई के माध्यम से अपने अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित कर लेते है।

**एक साल से लिप्त है:** राशिद खान उर्फ लकी एवं उसके अन्य 02 साथियों को इसी प्रकार के अपराधों में पूर्व में मुंबई पुलिस एवं हैदराबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि ठग लगभग एक वर्ष से साइबर अपराधों में संलिप्त है। उसके कुल 05 बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी में किया गया।

**खाते से संबंधित मिली 37 शिकायत:** एनसीआरपी पोर्टल पर अब तक इन बैंक खातों के विरुद्ध देश के विभिन्न राज्यों से कुल 37 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश (03), दिल्ली (03), हरियाणा (02), जम्मू-कश्मीर (02), कर्नाटक (08), महाराष्ट्र (07), तमिलनाडु (07), उत्तर प्रदेश (03) एवं पश्चिम बंगाल (02) शामिल हैं। घटना में संलिप्त अन्य लोगों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## एक नजर

### ग्रैप-4 के नियमों का उल्लंघन करने पर ग्रेनो प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** एनसीआर में प्रदूषण को देखते हुए एनजीटी की तरफ से ग्रैप-4 लागू है। ग्रेटर नोएडा एनजीटी के आदेशों का पालन कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से भी अभियान चलाया जा रहा है। इसका उल्लंघन करने वालों पर भारी पेनल्टी भी लगाई जा रही है। प्राधिकरण के परियोजना विभाग की तरफ से अब तक कपंनियों और व्यक्तियों पर मिलाकर करीब 49.45 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई गई है।

दरअसल, एनसीआर में ग्रैप-4 लागू करने के साथ ही निर्माण कार्यों पर भी रोक लग गई है। निर्माण सामग्रियों को भी ढककर रखने के निर्देश हैं। ग्रेटर नोएडा एरिया में ग्रैप-4 के नियमों का पालन कराने के लिए प्राधिकरण प्रतिबद्ध है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रैप-4 के नियमों का पूरा पालन करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ सुमित यादव के नेतृत्व में प्राधिकरण की परियोजना विभाग की पूरी टीम अपने एरिया में नजर रख रही है और जहां भी उल्लंघन मिल रहा है, टीम उन पर पेनल्टी भी लगा रही है, फिर चाहे वह कंपनी हो या फिर निवासी, सभी पर यह कार्रवाई की जा रही है। प्राधिकरण की टीम विगत दो दिनों में 46 जगहों पर उल्लंघन मिलने पर 49.45 लाख रुपये की पेनल्टी लगा चुकी है। प्राधिकरण की तरफ से जुर्माने की रकम 1 सप्ताह में प्राधिकरण के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्माण सामग्री को ढककर रखने और पानी का नियमित छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन पर पेनल्टी लगाई गई है उनमें बिल्डर, औद्योगिक इकाइयां और निवासी भी शामिल हैं। ईटा वन के जिन 22 लोगों पर पेनल्टी लगाई गई है, उनमें यहां के निवासी शामिल हैं, जो कि ग्रैप-4 के नियमों की अवहेलना करते हुए निर्माण कर रहे थे। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि प्रदूषण को रोकने के लिए तय नियमों का पालन न करने वालों पर प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी।

### पिकअप गाड़ी ने बच्चे को कुचला

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर चाई-3 में एक पिकअप गाड़ी ने एक बच्चे को कुचल दिया। बच्चे की चीख सुनकर ड्राइवर तुरंत रुका और उसे अस्पताल ले गया। इलाज के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई है और वह अब पूरी तरह स्वस्थ है।

जानकारी के मुताबिक, यह वीडियो लगभग एक महीने पुराना बताया जा रहा है। घटना के समय पिकअप ड्राइवर फोन पर बात कर रहा था और उसने सड़क पर खेल रहे बच्चे को नहीं देखा। इसी कारण गाड़ी बच्चे के ऊपर चढ़ गई। ड्राइवर की इस लापरवाही को घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

यह घटना वाहन चालकों के लिए एक चेतावनी है कि गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे अपनी और दूसरों की जान खतरे में पड़ सकती है। साथ ही यह अभिभावकों के लिए भी जरूरी है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और उन्हें सड़क पर अकेले खेलने न दें।

इस मामले में बच्चे के परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने भी बताया कि उन्हें इस घटना की कोई शिकायत नहीं मिली थी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### सेवानिवृत्त रेलवे इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख रुपये ठगे

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** साइबर अपराधियों ने रेलवे से सेवानिवृत्त इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उनको मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने का भय दिखाकर फंसाया। पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है। सेक्टर-78 स्थित द हाइड पार्क सोसाइटी में रहने वाले रामसेवक तोमर ने पुलिस को बताया कि वह रेलवे में इंजीनियर थे। उनकी पत्नी का कुछ समय पूर्व देहांत हो गया था। बच्चे दिल्ली-एनसीआर से बाहर नौकरी करते हैं। उनके व्हाट्सऐप नंबर पर 29 नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे वीडियो कॉल आई। कॉलर ने खुद का नाम प्रदीप सावंत बताया। उसने कहा कि वह दिल्ली स्थित क्राइम ब्रांच के मुख्यालय में जांच अधिकारी के पद पर है। उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर दिल्ली स्थित केनरा बैंक की शाखा में खाता खोला गया है। खाते पर डेबिट कार्ड भी जारी है। खाते का इस्तेमाल नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केस में किया गया है। उसने इस अपराध में रामसेवक तोमर की भूमिका भी संदिग्ध होने का दावा किया। कथित अधिकारी ने रामसेवक तोमर की अपने वरिष्ठ अधिकारी से बात कराई। उसने अपना नाम विजय कुमार खन्ना बताया। उसने वीडियो कॉल की। उसमें वह पुलिस की वर्दी में था। आरोपी ने कुछ दस्तावेज भी व्हाट्सऐप पर भेजे। इसके बाद एक दिसंबर को सीबीआई कोर्ट में बयान दर्ज के नाम पर वीडियो कॉल की।

# नोएडा में मूर्तिकार राम सुतार का निधन

## दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को बनाया था, कई दिनों से बीमार थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-19 में बुधवार रात मूर्तिकार राम वंजी सुतार का निधन हो गया। उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को बनाया था। वह पद्मभूषण समेत कई बड़े अवार्ड से सम्मानित थे। कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। आज उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी ने उनके निधन पर शोक जताया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-राम सुतार जी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने देश के महान मूर्तिकार थे। उन्होंने केवडिया में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को बनाया था। उन्होंने मूर्तिकला से देश की सेवा की है। इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। वे देश का गौरव हैं। वह अपने काम से हमेशा दूसरों को प्रेरणा देते रहेंगे। ध शांति। वहीं सीएम योगी ने लिखा- महान मूर्तिकार, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पकार, 'पद्म भूषण' श्री राम. वी. सुतार जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शांति!

**महाराष्ट्र सीएम ने घर आकर महाराष्ट्र भूषण अवार्ड से सम्मानित किया था:** मुंबई में राम वंजी सुतार के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया था। स्वास्थ्य कारणों से वह मुंबई नहीं जा सके थे। जिसके बाद शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार नोएडा में राम वंजी सुतार के आवास पहुंचे थे। उन्होंने राम सुतार को 'महाराष्ट्र भूषण 2024' से सम्मानित किया था।

**20 मार्च को विधानसभा में अवार्ड की घोषणा की थी:** देवेंद्र फडणवीस ने 20 मार्च को विधानसभा में मूर्तिकार राम सुतार को राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'महाराष्ट्र भूषण' देने की घोषणा की थी। इसके तहत 25 लाख रुपए और एक स्मृति चिह्न दिया गया। ब्ड फडणवीस ने कहा, अपनी कला के बूते राम सुतार ने पूरी दुनिया में अलग पहचान बनाई। इस दौरान गौतमबुद्धनगर के भाजपा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा भी साथ थे।

**महाराष्ट्र के धुले के रहने वाले थे राम सुतार:** राम सुतार के बेटे और मूर्तिकार अनिल सुतार ने कहा, पिता को घर आकर सम्मानित करने के लिए वह महाराष्ट्र सरकार के आभारी हैं। पिता राम सुतार ने इसी साल फरवरी में 100 साल की आयु पूरी की है।

# भागवत कथा में श्री शालिग्राम जी की महिमा का वर्णन किया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में सेक्टर-19, शनि बाजार मैदान, नोएडा में विशाल श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने श्री शालिग्राम जी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिस घर में श्री शालिग्राम जी का विग्रह विद्यमान होता है, वह घर एक किलोमीटर की परिधि में तीर्थस्थल बन जाता है। अत: हमें श्री शालिग्राम जी की सेवा अवश्य करनी चाहिए।

माता-पिता का भी यह कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को देशप्रेम और देशभक्ति की शिक्षा दें। जिस मातृभूमि में हमने जन्म लिया है, उसके प्रति भी हमारे कुछ कर्तव्य हैं, जिनका पालन हमें अवश्य करना चाहिए।

श्रीमद्भागवत महापुराण का महत्व बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि यह कलिकाल के समस्त पापों का समूल नाश करती है। श्रीमद्भागवत में जीवन से संबंधित सभी प्रश्नों और शंकाओं का समाधान विद्यमान है। कथा के श्रवण से भक्ति, शक्ति और मुक्ति की प्राप्ति होती है।

श्रीमद्भागवत में कहा गया है कि सदैव सत्य का ध्यान करें और सत्य का पालन करें। महाराज श्री ने कहा कि सनातन धर्म भी सदा सत्य है। सनातन धर्म के अंतर्गत सत्य आचरण, अहिंसा, प्रभु सेवा एवं अच्छे आचरण पर विशेष बल दिया गया है।

महाराज श्री के श्रीमुख से कथा-रस और मधुर भजनों को सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो उठे तथा मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करने लगे।

# ओटीएस में ग्राम प्रधानों की मदद ली जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विद्युत निगम बिल बकायेदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) चला रहा है। इसे सफल बनाने के लिए अधिकारी ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों की भी मदद लेंगे। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता वाणिज्यिक रितेश आंदन ने बताया कि जिले में 80 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ता हैं। इन पर विद्युत निगम का 90 करोड़ रुपये का बिल बकाया है। बकायेदारों के लिए एक दिसंबर से ओटीएस योजना चलाई जा रही है। इसमें उपभोक्ता अधिक रूचि नहीं ले रहे। इस वजह से विद्युत निगम अब ग्राम प्रधानों और प्रति. निधियों मदद लेगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण के तहत 31 दिसंबर तक अभियान जारी रहेगा। इसी तरह क्रम से दूसरे और तीसरे चरण में फरवरी 2026 तक योजना लागू रहेगी। पहले चरण में पंजीकरण कराने के 30 दिनों में पूर्ण भुगतान कराने वाले उपभोक्ताओं का सरचार्ज के साथ बकाया बिल पर 25 फीसदी की छूट मिलेगी। दूसरा चरण 31 जनवरी से शुरू होगा अधीक्षण अभियंता ने बताया कि दूसरा चरण एक जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। इसमें पंजीकरण कराने के बाद 30 दिनों में बकाया राशि का भुगतान कराने पर 20 प्रतिशत तक की मूलधन पर छूट मिलेगी। तीसरा और अंतिम चरण एक फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। इसमें पंजीकरण कराने के 30 दिनों में पूर्ण भुगतान करने पर 15 प्रतिशत तक की बकाया बिल पर छूट मिलेगी। इस योजना का लाभ घरेलू और वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ता लाभ उठा सकेंगे। वहीं बिजली चोरी के प्रकरण में पहले चरण में छूट का लाभ उठाने के लिए 50 प्रतिशत तक जुर्माना माफ हो जाएगा।

# पशु चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख क्षेत्र स्थित सोसाइटी में रहने वाली महिला पशु प्रेमी ने पशु चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, धोखा देने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह करीब दो वर्ष पूर्व सेक्टर-122 स्थित पशु चिकित्सक के क्लीनिक पर कुत्ते का इलाज कराने गई थी। वहां उसकी मुलाकात पशु चिकित्सक से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और दोस्ती हो गई। आरोपी चिकित्सक ने शादी का झांसा दिया। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व दोनों लिवइन में रहने लगे।

कुछ समय बाद पता चला कि चिकित्सक शादीशुदा है। उसका एक बच्चा भी और परिवार नोएडा के सेक्टर-119 स्थित एक सोसाइटी में रहता है। पीड़िता ने पशु चिकित्सक से शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। उसने शहर छोड़ने की धमकी दी। आरोपी ने मारपीट भी की। पीड़िता ने इसकी शिकायत सेक्टर-113 थाना पुलिस से की तो मामला शांत करा दिया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जबरन गोली खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। इसके साक्ष्य उनके पास हैं। अब आरोपी और उसके परिजन गोरखपुर भाग गए।

आरोपी उसे अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। एसीपी ट्विंकल जैन का कहना है कि बिसरख थाना पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनी ट्रांसफर दुकान में चोरी: छत काटकर घुसे चोर, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के गुलिस्तानपुर गांव में चोरों ने एक मनी ट्रांसफर की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने रात के समय दुकान की छत काटकर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान में रखे मोबाइल फोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा, तो उसने छत कटी हुई और सामान बिखरा पड़ा देखा।

दुकानदार ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सूरजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

इस घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों में डर का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि इलाके में रात के समय गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चोरी गए सामान की सही जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

# स्टार्टअप्स के लिए को-वर्किंग स्पेस का उद्घाटन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के नोएडा कैंपस में आज एमयूआईटी इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन के द्वारा एक आधुनिक को-वर्किंग स्पेस की स्थापना की गई। इस को-वर्किंग स्पेस का उद्घाटन महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और नवाचार आधारित प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपने विचारों को व्यवसायिक रूप दे सकें और देश के आर्थिक विकास में सक्रीय भूमिका निभा सकें।

निदेशक राहुल भारद्वाज ने कहा कि एमयूआईटी इंक्यूबेशन एंड इना. वेशन फाउंडेशन द्वारा स्थापित यह को-वर्किंग स्पेस इनोवेशन और इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त कदम है। सीईओ वरुण श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी यह कोशिश है कि किसी भी नए स्टार्टअप को फंड या संसाधनों के अभाव में अपने कदम पीछे न खींचने पड़ें।

सीनियर एक्जीक्यूटिव डॉ. तृप्ति अग्रवाल ने बताया कि यह पहल केवल एक को-वर्किंग स्पेस तक सीमित नहीं है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रपति भवन का भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक टूर पर दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंच भवन की ऐतिहासिक वास्तुकला, संग्रहालय, उद्यान तथा प्रशासनिक महत्व की जानकारी हासिल की।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन साद फैजान सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति भवन केवल भारत के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास नहीं है, बल्कि यह देश की लोकतांत्रिक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक भी है। उन्होनें बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर गए बच्चों को प्रशिक्षित गाइड्स के माध्यम से राष्ट्रपति भवन के निर्माण, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वहां होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। स्कूल के को-चेयरमैन अहमद सिद्दीकी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण



छात्रों में राष्ट्रीय चेतना, नागरिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक और जीवनोपयोगी सीख प्रदान करते हैं। इसलिए समय-समय पर भारत के इतिहासिक स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए होना चाहिए।

# नि:शुल्क चिकित्सा शविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों ने रोगियों का चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें औषधी देने के साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई।

हाशिमपुरा गांव में आयोजित जामिया तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार व अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. अहतेशामुल हक सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में डा. गुल अफशा फातिमा, डा. अफीफा नाज, डा. महमूद, डा. मुजम्मिल ने विभिन्न रोगों से ग्रस्त मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाइयां दी। साथ ही कुछ मरीजों की फिजियोथेरेपी भी



की गई।

साथ ही सर्दी के मौसम में होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाए सुझाए गए। गुल मौहम्मद, मोहम्मद अय्यूब, जो. गिंदर, नवेदुल आफाक, आसिफ , इस्लाम, रूक्शा खानम, शबनम हसन, मनोज कुमार, मधु, राधा रानी, फरहा, शिबली इकबाल आदि शामिल रहे।

# वांछित वारंटी को भेजा जेल

**देवबन्द।** वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक यूवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उच्चाधिकारियों के आदेश पर वांछितो की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने गुरुवार को एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत विरुद्ध गांव राजूपुर निवासी मो. इकबाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# कोतवाल ने चलाया अभियान, पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोतवाल अमरपाल शर्मा ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही सड़क के दोनो ओर किये गए अतिक्रमण को हटाने के कड़े निर्देश देने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए वाहन चालकों को निर्देश दिए।

खानकाह चौकी क्षेत्र में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर पाल शर्मा ने पुलिस बल के साथ पैदल गशत कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गशत के दौरान सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई और उन्हें तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।



इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें नियमों के प्रति जागरूक करते हुए भविष्य में उल्लंघन न करने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी अमर पाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, सुगम यातायात और आमजन की सुरक्षा के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# ग्रामिणों ने नाला निर्माण में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए जाने के साथ ही नाला निर्माण में भ्रष्टाचार व्याप्त होने का आरोप लगाते हुए जांच कराकर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस बाबत एक ग्रामीण की वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है।

रणखंडी के ग्रामीण सत्य राणा द्वारा जारी की गई वीडियो में सत्य कहते दिख रहे है कि गांव के गुलाल पट्टी मुहल्ले में नाला निर्माण हुआ था। नाला निर्माण के बाद जो पट्टि लगाई गई है, उसमें जहां तक नाला निर्माण दर्शाया गया है, उसी लंबाई करीब 700 मीटर बैठती है जबकि नाले का निर्माण लगभग 100 मीटर ही कराया गया है। उक्त नाला निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है। राज्य एवं केंद्रीय वित्त योजनांतर्गत हुए नाला निर्माण का ग्राम प्रधान को संज्ञान लेना चाहिए। वहीं, घलौली गांव निवासी एवं भाजपा के जिला मंत्री पंकज त्यागी ने सत्य राणा द्वारा बनाई गई इस वीडियो को अपने एक्स एकाउंट पर डालते हुए मुख्यमंत्री और डीएम सहारनपुर को टेग किया है और कार्रवाई की मांग की है। मामले में रणखंडी के प्रधान पति प्रमोद राणा का कहना है कि पारित एस्टीमेट के हिसाब से नाले का निर्माण पूर्णतया किया गया है। बताया कि गांव में होने वाले विकास कार्य प्रधान के जरिये ही हो रहे है फिर भले ही उसका पैसा किसी भी मद से आया हो।

# विशालकाय अजगर पकड़ा

**शेरकोट।** खो बैराज के पास अजगर सांप दिखाई देने से लोग भयभीत थे। सांप को देखने के लिए लगातार लोगों की भीड़ बढ़ रही थी। किसी अनहोनी के डर से पुलिस को कई बार भीड़ को तितर बितर करना पड़ा था। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने अनहोनी के डर से वन विभाग टीम को उक्त सांप के बारे में जानकारी दी थी। वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाकर उसे दो बार पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी थी। आज वन क्षेत्र अधिकारी शशांक गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर सांप को पकड़ लिया। शशांक गुप्ता ने बताया कि पकड़ गया असगर सांप लगभग बारह फिट लंबा तथा पचास किलोग्राम से अधिक वजन का है। अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। इस अभियान में वन रक्षक विपिन कुमार, चौकीदार तथा एनजीओ इंचार्ज भास्कर मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया। क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम की सराहना की।



# कुत्तों का मासूम पर जानलेवा हमला

## राहगीरों ने बामुश्किल बचाया, हायर सेंटर किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों का दिन प्रतिदिन आतंक बढ़ता ही जा रहा है।

नगर से सटे ग्राम झाड़पुरा निवासी छह वर्षीय बालक कार्तिक पुत्र लौकमन को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। बालक कार्तिक अपने दादा छत्रपाल सिंह के साथ खेत से अपने घर की ओर वापस आ रहा था। इसी दौरान गांव के रास्ते में खड़े आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बालक पर हमला कर दिया। अपने पोते की चीख पुकार की आवाज सुनकर दौड़े दादा छत्रपाल सिंह ने पोते को बचाने का प्रयास किया लेकिन कुत्तों के झुंड के आगे दादा हिम्मत हार गए। राहगीरों ने बालक को कुत्तों के झुंड से बचाया, तब तक कुत्तों के झुंड ने कार्तिक के ऊपर हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

परिजनों ने बालक कार्तिक को



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां डॉ. मोहित व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल बालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि कुत्तों ने बालक को जख्मी कर दिया था।

गौरतलब है कि ब्लॉक अफजलगढ़ क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन कुत्तों के हमलों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। गत 16 दिसंबर को मौहल्ला बेगम सराय निवासी दिलशाद अंसारी की 6 वर्षीय पुत्री हुमेरा को कुत्तों के झुंड ने उस समय हमला कर घायल कर दिया था, जब वह घर के बाहर खेल रही थी। इससे पूर्व गत छह जून को नगर की फैजी कालोनी निवासी पांच वर्षीय मासूम बालिका यास्मीन को कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था तथा बीते 24 जुलाई को सलावत नगर (भागीजोत) निवासी एक बुजुर्ग किसान महिला को धान की कटाई करते हुए आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

सीएचसी अफजलगढ़ व पीएचसी कासमपुर गढ़ी के आंकड़ों की मानें तो सन् 2025 में ब्लॉक क्षेत्र में लगभग तीन सौ पुरुष, महिलाओं व बच्चों पर हमला कर घायल कर दिया। आवारा कुत्तों ने हमला कर तीन बालकों, एक महिला सहित चार को मौत के घाट उतार दिया। अफजलगढ़, रसूलपुर आबाद, सूआवाला, कादराबाद, रेहड़, मानियावाला, सीरवासुचन्द, कासमपुर गढ़ी आदि दर्जनों गांव में कुत्तों के हमले जारी है। उधर प्रशास. निक अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। नगर व ग्राम वासियो ने डीएम जसजीत कौर से आवारा कुत्तों के झुंड को पकड़वाकर निजात दिलाने की मांग की है।

# महिलाओं-बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय मौहल्ला पाई बाग में आज पुलिस ने 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उप निरीक्षक सुभाष राणा, महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी, महिला कांस्टेबल अनीता और कोबरा टीम मौजूद रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। पुलिस टीम ने विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 जैसे आपातकालीन नंबरों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान पैम्फलेट भी वितरित किए गए और नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबरों की जानकारी दी गई।

# खो नदी किनारे बेसुध मिला नशेड़ी

**शेरकोट।** खो नदी के किनारे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक व्यक्ति को नशे की हालत में बेसुध पड़ा देख स्थानीय लोगों ने उसे मृत समझ लिया। देखते ही देखते यह खबर क्षेत्र में फैल गई और खो बैराज पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को उठाने का प्रयास किया तो व्यक्ति भाग खड़ा हुआ। उसके भागते ही कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली कि कोई अनहोनी नहीं हुई। वहीं पुलिस ने भी स्थिति को सामान्य बताया और लोगों से अपील की कि ऐसी किसी भी घटना में बिना पूरी जानकारी के अफवाह न फैलाएं। पुलिस का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह बेसुध अवस्था में मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# संदेशों का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 और शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संस्था प्रवाह एनजीओ के बीच आपसी सहयोग (अनुबंध) संपन्न हुआ है। इस अनुबंध के अंतर्गत दोनों संस्थाएं स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को मिलकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रवाह एनजीओ के प्रबंध निदेशक गगन दीप उपाध्याय ने बताया कि प्रवाह एनजीओ पूर्व से ही सामाजिक क्षेत्र में अनेक गतिविधियों का संचालन करता आ रहा है। संस्था समाज के प्रति समर्पण भाव से शिक्षा जागरूकता, स्वास्थ्य शि. विर, स्वच्छता अभियान एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्य निरंतर करती रही है। रेडियो संदेश 89.6 एफएम के साथ हुए इस अनुबंध से सामाजिक संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार मिलेगा। रेडियो के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा का महत्व, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संदेश तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 एवं प्रवाह एनजीओ के बीच हुआ आपसी अनुबंध पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रेडियो संदेश टीम से डॉ. अजय कुमार, सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी तथा डॉ. शबनम कुरैशी, संग्राम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक

**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियानअंतर्गत ग्राम सेह में महिला आरक्षी धीरु देवी व शिवानी के द्वारा महिलाओं एवं ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। उन्हें महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकाल. ीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़, गुड टच बैड टच व साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया। यातायात संबंधी जानकारी भी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्याएं पूछी गई।

# सफाईकर्मियों को गर्म कपड़े वितरित

**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई कर्मियों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित किए गए। पालिका मीटिंग हॉल में एक कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह एवं चेयरपर्सन पति जावेद विकार की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान पुरुष सफाई कर्मियों को ट्रैकसूट तथा महिला सफाई कर्मियों को गर्म कपड़े भेंट किए गए। गर्म कपड़े पाकर सफाई कर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह ने कहा कि सफाई सेवक नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कर्मचारियों से और बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही कस्बावासियों से नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि नगर में जगह-जगह कूड़ेदान लगाए जा रहे हैं। नागरिक कचरा कूड़ेदानों में ही डालें और इधर-उधर न फेंकें, जिससे स्वच्छ बना रह सके। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में सफाई कर्मियों को राहत देने के उद्देश्य से गर्म कपड़ों का वितरण किया गया है। इस मौके पर लेखाकार संजीव अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, रोहिताश पवार, अमर पवार, रंजीत, दिनेश कुमार, मनोज पवार, राजीव, कमल, जगपाल, विमला देवी, सुमन देवी, रीता, प्रीति, नीतू आदि पालिका कर्मचारी व सफाईकर्मी मौजूद रहे है।

# भाकियू प्रधान की मासिक बैठक

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की मासिक बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ किसान एवं मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में प्रशासन की लापरवाही और किसानों की उपेक्षा को लेकर तीखी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान मुख्य छ: मुद्दों में अनैतिक रूप से संचालित तथा अनैतिक कार्य में संलिप्त राजन व अन्य होटलों पर प्रतिबंध, तहसील कर्मचारी द्वारा शिकायत करने पर फोन नहीं उठाना, दिन और रात के अंधेरे में ओवरलोडिंग, , राशन वितरण में गड़बड़ियों का निस्तारण।

ग्राम अकबरपुर आमला में चक रोड मार्ग पर मनरेगा द्वारा कार्य किया जाए जिससे गन्ना ढलान की समस्या न हो। इसी क्रम में किसान नेताओं ने अवैध रूप से संचालित होटलों और अवैध धंधों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह व संचालन जिला व्यापार अध्यक्ष रामोद कुमार ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष नीरज, रहीसुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) मौहम्मद सरफराज अहमद, कुलदीप, राजेंद्र सिंह, जिला मंत्री शकील, मौहम्मद कामिल, जॉनी, बृजेश पाल, जिला प्रभारी शमशाद गुज्जर आमिल तथा प्रदेश सचिव डॉ. आकिल गुड्डू, रफीक, शमीम, विशाल चौधरी, मौहम्मद सोहेल, कुलदीप, सुनील कुमार, अभिषेक, रिंकू, पंकज, वीर सिंह, सुभाष, धूम सिंह, विपिन, सद्दाम, कैलाश, आदिल, सिकंदर, आतिफ़ उबेद, सलमान, जोगेंद्र चौधरी, युवा तहसील अध्यक्ष मुकुल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में छात्र-छात्राओं को नियम, प्रतिज्ञा एवं जांच की जानक. ारी, अतिथि सत्कार, गांठ बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, भाईचारा, देश सेवा भावना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कक्षा 5 से कक्षा 12 तक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा समस्त नियमों का पालन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शिविर संचालकगण विवेक भार्गव, परमजीत कौर एवं परमजीत



प्रमाण पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

चौधरी ने छात्र-छात्राओं को 18 टोली बनाकर स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत अनुशासन में रहकर नियमों का पालन करते हुए अपने आप को हर क्षेत्र प्रतिभाशाली बनाने का प्रशिक्षण दिया। टोली नंबर 1 ने प्रथम, टोली नंबर 8 एवं 9 ने द्वितीय तथा टोली नंबर 18 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रबंधिका श्रीमती हिना कमाल व प्रधानाचार्य मंसूर खान ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास तथा देश प्रेम की भावना को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू कुमार, पल्लवी, रोहित गुप्ता, कोपल शर्मा, लक्षी चौहान, इकरा, सबीहा, अनस व समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहा. सिक ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक भव्य शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान ने हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मथुरा, वृंदावन, फतेहपुर सीकरी एवं आगरा के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान मथुरा एवं वृंदावन में विद्यार्थियों ने निधिवन, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारकाधीश मंदिर, रंगनाथ जी मंदिर, बाँके बिहारी मंदिर, यमुना घाट एवं प्रेम मंदिर जैसे पवित्र एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर भारतीय संस्कृति



एवं आध्यात्मिक परंपरा को निकट से समझा। इन स्थलों ने विद्यार्थियों को आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराया। इसके उपरांत आगरा में विद्यार्थियों ने विश्वविख्यात ताजमहल, आगरा का लाल किला एवं फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा एवं जोधा बाई का किला जैसे ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का भ्रमण किया, जहां उन्हें मुगलकालीन स्थापत्य कला, इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत की गहन जानकारी प्राप्त हुई।

इस सफल भ्रमण में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं प्रवक्तागण डॉ. एम.ए. खान, शिव कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, मीनू कोठारी एवं खुशबू रानी का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन, सुरक्षा एवं शैक्षणिक उद्देश्यों का विशेष ध्यान रखा।

कालेज प्रबंधन एवं शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धाक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय सिद्ध हुआ। छात्रों ने इस अवसर के लिए महाविद्यालय प्रशासन एवं सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात वाहन ने पोल को टक्कर मारी

**नजीबाबाद।** बुंदकी मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने देर रात सड़क किनारे खड़े एक विद्युत पोल को टक्कर मार दी। इस घटना से पोल क्षतिग्रस्त हो गया और ग्राम पंचायत जालबपुर गुदढ की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यह घटना सुभाषनगर के निकट हुई। वाहन ने रात के अंधेरे में पोल को नुकसान पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त विद्युत खंभे के पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सका। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर नया विद्युत पोल स्थापित किया और बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल कर दिया।

# किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**नजीबाबाद।** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन प्रधान की मासिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक दोपहर 12 बजे हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में किसानों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। इनमें किसानों की जमीन की फरद (खतौनी) से जुड़ी समस्याएं, राशन कार्ड न बनने की शिकायतें और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को पहुंचाए जा रहे नुकसान पर रोक लगाने की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त, फसलों के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और वन विभाग से संबंधित परेशानियों पर भी चर्चा की गई। बैठक का आयोजन भारतीय किसान यूनियन प्रधान के व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष रमोद कुमार के नेतृत्व में किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे बैंक बचत खाता नं0 32654197755 में मेरा नाम SUMAYYA W/o AKBAR अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम SUMAYYA USMANI W/o AKBAR USMANI अंकित है, ये दोनों मेरे ही नाम हैं। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

SUMAYYA USMANI W/o AKBAR USMANI
निवासी: 679 मौहल्ला खानकाह देवबंद तहसील देवबंद जिला सहारनपुर।

# विकास कार्यों की बैठक में डीएम ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति संतोषजनक न होने पर सहायक आयुक्त शामली का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के डीएम के निर्देश

जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बॉर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें।विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड के बिन्दु के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण,ओर समाज कल्याण विभाग की प्रगति संतोषजनक न होने पर तीनों अधिका. रियों को कारण बताओं नोटिस के साथ ही उक्त कार्य में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आपेक्षिक सहयोग न होने पर उनको भी कारण बताओं नोटिस के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान फैमिली आईडी में प्रगति खराब होने पर सुधार के कड़े निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिलाध्ब्लॉक स्तरीय टॉक्स फोर्स के अंतर्गत जिन अधिकारियों ने माह नवंबर में लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया उन सभी का जिसमें तीनों एसडीएम,डिप्टी



## सीएम डेशबोर्ड की बिन्दूवार समीक्षा

सीएमओ,नायब तहसीलदार ऊन व शामली, डीपीआरओ,बीडीओ कांधला,व ऊन, सीडीपीओ कांधला,सप्लाई इंस्पेक्टर थानाभवन, अन्य जो उसका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए व्यक्तिगत शौचालय की जिओ टैगिंग में प्रगति खराब होने पर कांधला के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को हटाने के निर्देश डीपीआरओ को दिए।

बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति संतोषजनक न होने पर सहायक आयुक्त शामली का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें क्वालिटी का विशेष ध्यान रखते हुए समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदाई संस्था को दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी, सत्एन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी द्धवि0ध्रा0ऋ, शामली, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोवंश के मीट को लेकर दो गुटों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सकौती के निकट स्थित आदिदेव कार्बन कम्पनी मे बॉलर प्लांट लगाने वाली ठेका कम्पनी के मजदूरो द्वारा गाय का मांस पकाने के विरोध मे दो पक्षो के मध्य जमकर विवाद हुआ। हंगामे के बीच पुलिस मौके पर पहुँची और एक आरोपी को हिरासत मे लिया गया। वही ठेका कम्पनी ने गाय के मीट पर बढे विवाद को देखते हुए सभी आठ साथी कर्मचारियों को आनन फानन में कम्पनी से बाहर निकाल दिया।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव सकौती मे स्थित आदिदेव कार्बन कम्पनी निर्माणाधीन है। जिसमे अलग अलग प्लांट का इंस्टालेशन जारी है। बताया गया है कि बॉलर प्लांट लगाने का ठेगा साउथ की एक कम्पनी को दिया गया है। जिसमे पूरब से आए कर्मचारी काम कर रहे थे। उसी दौरान प्लांट के दूसरे हिस्से मे काम करने वाले कर्मचारियों को एक युवक ने तंज कसते हुए कहना शुरू कर दिया कि हमने गाय का मीट पकाकर खाया है। तभी कर्मचारियों के दूसरे पक्ष ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते लेबर के अन्य लोग एकत्र हो गए और विवाद बढ गया। विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और मामले को देखते हुए आरोपी युवक को हिरासत मे लिया।

वही दूसरी ओर ठेका कम्पनी ने आरोपी युवक के सभी आठ साथियों को भी आदिदेव कम्पनी से बाहर निकाल दिया। आदिदेव कम्पनी मे काम करने वाले सिविल डिपार्टमेंट के लोग मामले पर पर्दा डालते नजर आए और काफी देरतक मीडियाकर्मियों को भी प्रवेश नही दिया गया,ताकि मामले को दबाया जा सके।

# बीएसएम में एथलेटिक्स खेल. कूद कंपटीशन का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में गुरुवार को 20वीं एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक विकास, खेल कौशल और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन प्री–प्राइमरी के बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसके अलावा बैग रेस, फॉग रेस, कंगारू रेस, चिकन रेस एवं स्पून रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।खेल अध्यापक अनुभव कुमार के संरक्षण में बालक वर्ग ए के लिए 100 व 200 मीटर दौड़ तथा वर्ग बी के लिए 100, 200 व 400 मीटर दौड़ आयोजित की गई। वहीं खेल अध्यापक कार्तिक चौहान के मार्गदर्शन में बालिका वर्ग ए, वर्ग बी एवं वर्ग सी के लिए लॉन्ग जंप प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

# एसआईआर में सहयोग करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय हामिद हुसैन ने जनपद के समस्त नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवा रहे हैं, जो 26 दिसंबर तक एकत्र किए जाएंगे। वर्ष 2025 की मतदाता सूची में जिन पात्र नागरिकों के नाम शामिल नहीं हैं, वे अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म–6 एवं घोषणा पत्र आवश्यक साक्ष्यों के साथ संबंधित मतदान स्थल के बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं।इसी प्रकार मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य प्रविष्टियों में संशोधन कराने या एक मतदान स्थल से दूसरे मतदान स्थल में स्थानांतरण के लिए फार्म–8 भरकर बीएलओ के माध्यम से आवे. दन किया जा सकता है।प्रभारी अधिकारी ने बताया कि ऐसे प्रवासी भारतीय निर्वाचक, जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा कर रहे हैं और पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे अपने पासपोर्ट में अंकित भारत स्थित निवास पते से संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए फार्म–6ए के माध्यम से ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवे. दन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

## एसआईआर में प्रशासन का सहयोग करें: किरणपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के गांव बुन्टा एवं मुल्लापुर में पहुंचे एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि एसआईआर फार्म जमा कराए और इसमें प्रशासन का सहयोग करे। विकास कार्यों के अंतर्गत नवनिर्मित खड़ंजा मार्ग का उद्घाटन भी किया। गुरूवार को क्षेत्र के गांव बुंटा व मुल्लापुर में एमएलसी किरणपाल कश्यप पहुंचे। जहां उन्होने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसमें सभी जानकारी हासिल करे। यदि किसी का वोटर लिस्ट से नाम छूटा है तो फार्म–6 भरे। एसआईआर फार्म भी संबंधित बीएलओ को अवश्य जमा कराए और जिला प्रशासन का सहयोग करे। इसके बाद उन्होने नवनिर्मित खड़ंजा मार्ग का उद्घाटन किया। उन्होने कहा कि पूर्व में यह मार्ग अत्यंत खराब स्थिति में था, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का सु.ढ़ होना बेहद आवश्यक है। खड़ंजा मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी गौरव कश्यप, भारत कश्यप, राकेश सैनी, आशु सैनी, मुस्तकीम, आरिफ, राजकुमार कश्यप मौजूद रहे।



18 एसएमएल00–शामली के गांव बुंटा में ग्रामीणों से मुलाकात करते एमएलसी।

## एक नजर

### जेए नेशनल एकेडमी में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जेए नेशनल एकेडमी में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन दिवस पर विभिन्न फील्ड इवेंट्स का आयोजन किया गया, जिनमें शॉटपुट, जेवलिन थ्रो, टग ऑफ वॉर, क्रिकेट, लॉन्ग जंप एवं ब्रॉड जंप प्रमुख रहे। इससे पूर्व स्पोर्ट्स मीट के प्रथम दिवस पर सभी रेस इवेंट्स संपन्न कराए गए थे। समापन दिवस पर आयोजित सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में पैंथर ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टाइगर ग्रुप को 6 विकेट से पराजित किया। वहीं जूनियर क्रिकेट मुकाबले में चैंपियन स्क्वाड ने सुपर किंग्स टीम को 4 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। शॉटपुट प्रतियोगिता में शावेज ने प्रथम, अर्शियन ने द्वितीय तथा दानिश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर एकेडमी के प्रबंधक मास्टर जाहिद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और भविष्य में प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आते हैं। वहीं एकेडमी के प्रधानाचार्य राणा जिया–उल–हक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे स्पोर्ट्स मीट सफल एवं यादगार बन सका।

### बाजार में बढ़ी चोरी की घटनाओं के विरोध में व्यापारियों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पीएनबी बैंक के निकट स्थित किरयाना की दुकान से खुलेआम पुलिस को चुनौती देकर मोबाईल चोरी करने के मामले मे व्यापारी संगठन के लोगो ने मिलकर विरोध किया और पुलिस को शिकायतीपत्र देकर ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग की गई। इस दौरान एक दर्जन से अधिक व्यापारी पुलिस चौकी पहुँचें। चौसाना चौकी से महज तीन सौ मीटर की दूसरी पर चंद सेकंड के भीतर मोबाईल चोरी करके खुलेआम पुलिस को चुनौती देने वाले बदमाशों का विरोध करते हुए व्यापारी संगठन के लोगो ने पुलिस चौकी पहुँचकर विरोध किया और पुलिस को शिकायतीपत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई। दरअसल बीते दिवस बुधवार की सुबह करीब नौ बजे व्यापारी दुकान पर अकेला था। तभी एक व्यक्ति आता है और दुकानदार के सामान तोलते ही आरोपी व्यक्ति मोबाईल को चोरी करके भाग जाता है। इसके अलावा बीते एक सप्ताह के भीतर चोरी की कई घटनाएं होने से व्यापारियों मे गुस्सा है। व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढाने की मांग की है। इस दौरान दिनेश बिंदल,तरूण कुमार,देशराज,अनुभव गर्ग,कंवरपाल शर्मा,मनोज कुमार,सुनील शर्मा,संजय,प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### युवती को बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसकी पुत्री को बहला–फुसलाकर ले जाने और उसके साथ जबरन शादी रचाने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । गुरुवार को पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री घर से कस्बे में जूते पहनने की बात कहकर निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां जानकारी ली तथा संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन युवती का कहीं भी कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जानकारी दी गई कि उसकी पुत्री को गांव भभीसा निवासी सन्नी अपनी कार में बैठाकर दिल्ली की ओर ले गया है। बताया गया कि युवक उसके साथ शादी रचाने की फिराक में है। पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के साथ–साथ अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया जल्दी युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

### युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर किया घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक युवक के साथ कई लोगों ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी आरिफ ने बताया कि उसका पुत्र सुहेल अपने घेर से घर पर आ रहा था आरोप है कि तभी कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी कई लोगों ने पीड़ित के युवक को घेर लिया और उसके साथ लाठी डंडों सहित धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपने पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कई लोगों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दुसरी और भभीसा निवासी अशोक ने बताया कि वह कस्बे के नवजीवन हॉस्पिटल में कार्य करता है। आरोप है कि गांव जिडाना निवासी पिता पुत्र ने पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौज की और मारपीट की पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

## अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में भारत रत्न स्व। अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सुशासन का महत्व रहा।कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुशासन की अवधारणा, पारदर्शिता,जवाबदेही तथा राष्ट्र निर्माण में स्व।अटल बिहारी वाजपेई के योगदान पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागी छात्राओं के भाषणों में विचारों की स्पष्टता और विषय की गहन समझ देखने को मिली।निर्णायक मंडल में डॉ। सीमा सिंह एवं डॉ। अंकिता त्यागी उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागी छात्राओं में से तीन श्रेष्ठ वक्ताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में बी।ए तृतीय वर्ष की छात्रा आयश प्रथम स्थान, बीएससी द्वितीय की छात्रा प्रिंसी, द्वितीय स्थानकी छात्रा महविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।चयनित छात्राएं आगामी 22 दिसंबर 2025 को जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली मुख्य प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ। नयना शर्मा,संयोजक, कल्चरल क्लब, द्वारा किया गया।



# एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में गुरूवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र–छात्राओं को भारत और उसके विभिन्न राज्यों के बीच एकता, समानता और विविधता के महत्व को समझाया गया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश और मेघालय राज्य की प्रमुख कृषि फसलों की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के प्रत्एक राज्य में भौगोलिक, सांस्कृतिक और कृषि संबंधी विविधताएं होने के बावजूद अनेक समानताएं भी हैं। इन्हीं समानताओं को समझकर ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार की जा सकती है। कृषि इन समानताओं का एक महत्वपूर्ण आधार है और अनेकता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। भूगोल विषय के अध्यापक महेश नारायण गौड़ ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में धान, मक्का, अनानास, कीवी जैसी कई फसलें समान रूप से उगाई जाती हैं। दोनों राज्यों की जलवायु में भी कुछ समानताएं हैं, हालांकि मेघालय में अत्यधिक वर्षा होती है, जबकि अरुणाचल प्रदेश में देश में सबसे पहले सूर्योदय होता है। कार्यशाला में स्काउट प्रभारी अनिल कुमार कश्यप, घनश्याम सारस्वत, मनोज भारद्वाज, मनोज शर्मा, बिजेंद्र गौतम, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, सारिका गर्ग, ज्योति तायल रहे।



# 32 गांवों की चकबंदी की भूमि को वन विभाग की बताए जाने पर किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तहसील कैराना व ऊन क्षेत्र के कुल 32 गांवों की चकबंदी की कृषि भूमि को वन विभाग की भूमि बताए जाने को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। गुरूवार को दर्जनों गांवों के किसानों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान के नेतृत्व में डीएम से मुलाकात कर वन विभाग द्वारा जारी नोटिस को निरस्त कराने की मांग की है।

गुरूवार को कैराना तहसीन और ऊन तहसील में दर्जनों किसान, ग्रामीण शामली कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होने जमकर नारेबाजी की और ग्रामीणों की जमीन को वन विभाग पर जबरन कब्जाने का आरोप लगाया। किसानों के साथ पहुंचे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान ने ग्राम प्रधानों के साथ डीएम से मुलाकात की। उनका कहना है कि ग्राम पठेड़, बसेड़ा असरफपुर, बल्हेड़ा, सहपत रामड़ा सहित तहसील कैराना एवं ऊन के 32 गांवों का रकबा चकबंदी के अंतर्गत कास्त की भूमि है, जिस पर किसान पिछले लगभग 70 वर्षों से निरंतर खेती करते आ रहे हैं। उक्त भूमि पर अब तक वन विभाग का कोई हस्तक्षेप अथवा विवाद नहीं रहा है।

आरोप लगाया गया है कि वन विभाग द्वारा वर्ष 1955 के आंकड़ों का हवाला देते हुए उक्त भूमि को वन भूमि बताते हुए राजस्व विभाग से अपने अधीन कराने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि संबंधित किसानों के पास भूमि से जुड़े सभी वैध राजस्व अभिलेख एवं दस्तावेज मौजूद हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वन विभाग द्वारा जारी नोटिस को खारिज कराया जाए, ताकि किसानों की वर्षों पुरानी खेती और आजीविका सुरक्षित रह सके। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि सुप्रींम कोर्ट द्वारा जारी आदेशा के बाद ही नोटिस दिया गया है। इसके लिए ग्रामीण, किसान कोर्ट को सहारा ले सकते है। वही मामले को लेकर किसानों में भारी चिंता का माहौल बना हुआ है और वे प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपेक्षा कर रहे हैं।इस अवसर पर प्रधान सुमित, वकील जंग, मुस्तकीम मल्लाह, हुकुम सिंह, विक्रम सिंह, रामकिशन, संदीप कुमार, जितेन्द्र, जितेन्द्र, राकेश, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।





# प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रहा सफल: घनश्याम दास गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की जिला व नगर इकाई के पदा. धिकारीयों ने प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता मेंशामली के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर बैठक आयोजित कर दिनांक 14 दिसंबर रविवार को शामली के हनुमान टीला हनुमान धाम के महाराजा अग्रसेन बारात घर में नव निर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी के समारोह की सफलता के लिए शामली जिला व नगर इकाई के साथ–साथ प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि शामली जिला व नगर इकाई इस कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद, वबधाई की पात्र है क्योंकि किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए टीम भावना से कार्य करना महत्व रखता है।

शामली जिला व नगर इकाई की पूरी टीम ने कार्यक्रम संयोजक सूर्यवीर सिंह, नरेंद्र अग्रवाल रवि शंकर व अनुज गोयल तथा अन्य सभी पदाधिकारीयों ने एकजुटता दिखाते हुए टीम भावना से कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया इसके लिए शामली जिला व नागरी के सभी पदाधिकारी बधाई एवं साधुवाद के पात्र हैं प्रदेश के सभी 28 जिलों के व्यापारी भी साधुवाद के पात्र हैं कि उन्होंने इस ठंड के मौसम में कोहरा पडने के बावजूद कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की संख्या बल बढ़ाकर कार्यक्रम को सफल बनाया उन्होंने विशेष तौर से दिल्ली चांदनी चौक के सांसद माननीय प्रवीण खंडेलवाल जी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी गरिमामय उपस्थित से व्यापारियों का मनोबल बढ़ाया उधर विधायक शामली सदर प्रस्सन्न चौधरी जी व थाना भवन क्षेत्र के विधायक अशरफ अली खान व शामली नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर इस प्रदेश स्तर के कार्यक्रम को सफल बनाया बैठक में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री ,सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष ,नरेंद्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री, रवि संगल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेश धीमान नगर महामंत्री, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, राजेश सिंघल जिला महामंत्री, शिवांक गर्ग ऋषभ जैन आदि उपस्थित रहे।

# सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत

## अमदाबाद में बुमराह की होगी वापसी, संजू का खेलना तय, सीरीज का आखिरी मैच आज

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा।

भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी-20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फार्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी-20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों आलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है।

भारत- अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

दक्षिण अफ्रीका- रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, मिलर, डोनोवान फेरेरा, जार्ज लिंडे, यानसेन, कार्बिन बाश, लुंगी एनगिडी, ओटेनिल बार्टमैन।

## शुभमन गिल चोटिल हुए या दिया गया आराम

टीम के उपकप्तान गिल के बाहर होने पर फैंस ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से बाहर रहने पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। गिल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। गिल पैर की अंगुली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि गिल को ये चोट ट्रेनिंग सत्र के दौरान लगी थी। हालांकि, गिल के बाहर होने पर फैंस सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इन्होंने सवाल उठाए हैं कि क्या वाकई गिल चोटिल हुए हैं या उन्हें ड्रॉप किया गया है। गिल को इससे पहले टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी और उन्होंने टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी की थी। गिल को कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गिल इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी नहीं खेले थे। टी-20 सीरीज के लिए गिल को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था।

# भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 260 सैंपल पॉजिटिव

● जिन देशों में 5000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे पॉजिविटी रेट है

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2024 में लगातार तीसरी बार डोपिंग मामलों में दुनिया में पहले नंबर पर रहा। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के 260 सैंपल डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए, जो किसी भी देश से सबसे ज्यादा हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब भारत 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलिंपिक की मेजबा. नी के लिए भी दावेदारी पेश कर चुका है। इसी साल जुलाई में जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल लाजेन गया था, तब इंटरनेशनल ओ. लिंपिक कमेटी (ओआईसी) ने भारत में डोपिंग की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई थी। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 2024 में कुल 7,113 डोपिंग टेस्ट किए। इनमें 6,576 यूरिन और 537 ब्लड सैंपल शामिल थे। इन टेस्ट में 260 मामले पाजिटिव निकले, यानी डोपिंग की दर 3. 6प्रतिशत रही। जिन देशों में 5,000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। नाडा नाडा का कहना है कि डोपिंग के ज्यादा मामले सामने आना खिलाड़ियों में डोपिंग बढ़ने की वजह से नहीं, बल्कि सख्त जांच और बेहतर टेस्टिंग सिस्टम के कारण है। नाडा के मुताबिक, पहली नजर में ये आंकड़े चिंता. जनक लग सकते हैं, लेकिन असल में ये भारत के मजबूत एंटी-डोपिंग प्रयासों और ज्यादा टेस्टिंग का नतीजा हैं। नाडा ने बताया कि 2023 में कुल 5,606 सैंपल की जांच की गई थी, जिनमें 213 केस पौंजिटिव पाए गए। वहीं 2025 में अब तक 7,068 टेस्ट किए जा चुके हैं, लेकिन पॉजिटिविटी रेट घटकर सिर्फ 1. 5प्रतिशत रह गया है और 110 मामले ही सामने आए हैं। इससे साफ है कि टेस्टिंग बढ़ने के साथ डोपिंग पर नियंत्रण भी हुआ है। डोपिंग रोकने के प्रयास जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खेलों में कुछ गहरी समस्याएं हैं। इनमें वैज्ञानिक रिसर्च की कमी और कोच, डाक्टर व फिजियोथेरेपिस्ट को दवाओं और सप्लीमेंट्स की सही जानकारी न होना शामिल है। इससे डोपिंग के मामले सामने आते हैं। डोपिंग रो. कने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने नया एंटी-डोपिंग पैनल बनाया है और सरकार ने नेशनल एंटी-डोपिंग बिल पास किया है। नाडा ने 2024 में 280 जागरूकता वर्कशाप कराईं, जिनमें करीब 37 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 'नो योर मेडिसिन' ऐप पर अब तक 2. 4 लाख बार सर्च किए जा चुके हैं।

खेल विशेष

## मैच रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा

**नई दिल्ली।** भारत-साउथ अफ्रीका मैच कोहरे के कारण रद्द होने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा है। मुकाबला 17 दिसम्बर को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टास भी नहीं हो सका। वहीं, थरूर के अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में इंटरनेशनल मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट फैन लखनऊ में इंडिया और साउथ अफ्रीका मैच शुरू होने का व्यर्थ ही इंतजार कर रहे हैं। उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में घने कोहरे और 411 एक्यूआई के कारण विजिबिलिटी इतनी खराब है कि क्रिकेट मैच संभव नहीं है। उन्हें बीसीसीआई यह मैच तिरुवनंतपुरम में आयोजित करना चाहिए था, जहां एक्यूआई लगभग 68 है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में होने वाला इंटरनेशनल क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है। दरअसल इसकी वजह कोहरा या फाग नहीं, स्माग है। हमने जो पार्क लखनऊ की शुद्ध हवा के लिए बनवाए थे, भाजपा सरकार वहां भी इंवेटबाजी करवाकर उन्हें बर्बाद करना चाहती है। भाजपाई न इंसान के सगे हैं, न पर्यावरण के। मुंह ढक लीजिए कि आप लखनऊ में हैं। दर्शक बोला कि तीन बोरा गेहूं बेचकर मैच देखने आए मैच के रद्द होने से दर्शकों में काफी नारा. जगी और आक्रोश है। उन्होंने पैसा वापस करने की मांग की। एक दर्शक ने बताया कि हम तीन बोरे गेहूं बेचकर मैच देखने आए हैं, हमार टिकट का पैसा वापस करो। कई अन्य दर्शकों ने भी इसी प्रकार की मांग रखी।

# विश्वनाथ आनंद बने द हॉस्टल कंपनी के ब्रांड एंबेसडर



विश्वनाथन आनदं को देश के सबसे बड़े बैकपैपर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

इस अवसर पर द हॉस्टल कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पलाश गोयल ने कहा कि विशी सर शायद हमारे मुख्य कस्टमर न हों, लेकिन वह आधुनिक भारतीय मिलेनियल का प्रतिनिधित्व करते हैं - फोकस्ड, टैलेंटेड, और फिर भी बाहर निकलने, मजे करने और घूमने से नहीं डरते। इस साझेदारी के जरिए, हमारा मकसद भारत के बैकपैकर हॉस्टल्स में विश्वास और जागरूकता लाना है, एक ऐसा क्षेत्र जिस पर पारंपरिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा है। वहीं विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यात्रा ने शतरंज के बोर्ड पर और उससे बाहर भी मेरे नजरिए को व्यापक बनाया है। मैं द हॉस्टल कंपनी के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हूं, एक ऐसा ब्रांड जो पूरे भारत में यात्रा को सुरक्षित, किफायती और अनुभवों से भरपूर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोवा, ऋषिकेश, कसोल और वर्कला जैसे जगहों पर 200 से अधिक वेरिफाइड बैकपैकर हॉस्टल्स के साथ, द हॉस्टल कंपनी 250 रुपये से शुरू की थी।

# अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

● फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लेम खिताब व 22 टूर्नामेंट जीते



**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नए साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नए कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया कि हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।


### पाक ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने अगले वर्ष 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्वकप और जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए उन्नीस साल के मध्यमक्रम के बल्लेबाज फरहान यूसुफ की अगुवाई में 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की है। आईसीसी के अनुसार, पाकिस्तान अंडर-19 टीम अभी दुबई में एसीसी अंडर19 एशिया कप में खेल रही है, जहां ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने के बाद शुक्रवार को सेमीफाइनल में बंगलादेश से भिडेंगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट का फाइनल 21 दिसम्बर को होगा।

## वेस्टइंडीज ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ, वार्ता।** विंडीज ने सलामी बल्लेबाज जोशुआ की अगुवाई में अगले वर्ष जिम्बाब्वे व नामीबिया में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाबवे और नामीबिया में खेला जाएगा। डोर्न ने पिछले वर्ष ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पर्दापण किया था। जोनाथन को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं। आईसीसी के अनुसार, 15 सदस्ईय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 2025 के क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं और अंतर्राष्ट्रीय तैयारी सीरीज के दौरान प्रभावित किया।

# पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में फ्लेमेंगो को हराकर जीता फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब



**दोहा, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फ्लेमेंगो को शूटआउट में हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब अपने नाम किया। यह पीएसजी की इस वर्ष की छठी ट्रॉफी है। अल रेयान में अहमद बिन अली स्टेडियम में बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन ने फ्लेमेंगो के साथ हुए मुकाबले में अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद शुरू हुए पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी ने फ्लेमेंगो को 2-1 से हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीत लिया। यह इस साल उनकी छठी बड़ी ट्रॉफी जीती। इससे पहले उन्होंने लीग 1, कूप डी फांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप के खिताब जीते है। पीएसजी के लिए पहला गोल ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने 38वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ब्रेक के बाद फ्लेमेंगो ने जवाबी हमला करते हुए जोर्जिन्हो ने 62वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियंस को बराबरी पर ला दिया। इस दौरान दोनों ने मौके बनाए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। पीएसजी सामान्य समय के आखिर में गोल के करीब पहुंचा, लेकिन फ्लेमेंगो के गोलकीपर ऑगस्टिन रॉसी ने उन्हें रोक दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मैच में पकड़ बनाई

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (54) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 14) की जुझारू पारी के दम पर तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को 371 को स्कोर बनाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के 213 के स्कोर पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इंग्लैंड अभी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 158 रन पीछे है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए क्रीज पर टिके हुए है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ विकेट पर 326 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट 348 के स्कोर पर मिचेल स्टार्क (54) के रूप में गिरा।

92वें ओवर की पहली गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने नेथन लायन (नौ) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 371 के स्कोर पर अंत कर दिया। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने पांच विकेट लिए। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स को दो-दो विकेट मिले। जॉश टंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 71 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। जैक क्रॉली (नौ), ऑली पोप (तीन), बेन डकेट (29) और जो रूट (19) रन बनाकर आउट हुए। हैरी ब्रूक और कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 37वें ओवर में कैमरून ग्रीन ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे हैरी ब्रूक का शिक. ार कर लिया। हैरी ब्रूक ने 63 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। जेमी स्मिथ (22), विल जैक्स (छह) और ब्राइडन कार्स बिना खाता खेले ही पेवलियन लौट गए। 168 पर आठ विकेट गिरने के संकट के समय बल्लेबाजी करने आए जोफ्रा आर्चर ने स्टोक्स के साथ मोर्चा संभाला। बेन स्टोक्स ने बहादुरी से मुकाबला किया, 151 गें. दों का सामना किया और चार घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए, लेकिन कप्तान को मैदान पर ज्यादा साथ नहीं मिला। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 213 रन बना लिए है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिस ने तीन विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड और नेथन लॉयन को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। मैच के दौरान स्निको को लेकर भी काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी को लेकर अपनी निराशा साफ कर दी। इंग्लैंड क्रिस गैफेनी, तीसरे अंपायर, से नाराज थे, जिन्होंने पहले दिन एलेक्स कैरी के आउट न होने के विवाद के



● मैच के दौरान स्निको को लेकर काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी लेकर अपनी निराशा साफ कर दी

बाद, रियल-टाइम स्निकोमीटर के सबूत के आधार पर जेमी स्मिथ को कमिस की गेंद पर कैच आउट दिया था। स्मिथ कुछ देर पहले ही अजीब हालात में आउट होने से बचे थे, गैफेनी ने फैसला किया था कि गेंद उनके हेलमेट से लगी थी, जबकि टीवी तस्वीरों से लग रहा था कि गेंद ग्लव्स से लगी थी, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया ने तर्क दिया था (हालांकि गेंद स्लिप पर उस्मान ख्वाजा तक पहुंची थी या नहीं, यह एक अलग मामला था)।

# टॉम लेथम और कॉन्वे के शतक, न्यूजीलैंड 334/1

● कप्तान टॉम लेथम ने 137 और कॉन्वे ने नाबाद 178 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (137) और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 334 का स्कोर खड़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से शुरुआत की और पहले आठ ओवर में सिर्फ 11 रन बनाए। हवा और पिच दोनों से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। लंच ब्रेक के बाद दोनों ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे किए। लगभग 20 मिनट तक बारिश की वजह से खेल रुका रहा, लेकिन इससे न्यूजीलैंड की लय नहीं टूटी। कॉनवे ने कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर अपना छठा टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज पहले दो सत्र में एक भी मौका नहीं बना पाई और लंच के बाद वाले सेशन में एक भी मेडन ओवर नहीं हुआ। इसी दौरान लैथम ने सीरीज का अपना दूसरा शतक बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह बिना विकेट वाला दिन रहेगा। रोच ने दूसरी नई गेंद से 87वें ओवर में लैथम को आउट करके सफलता दिलाई, जिसमें रॉस्टन चेज ने फर्स्ट स्लिप पर शानदार कैच पकड़ा। टॉम लेथम ने 246 गेंदों में एक छक्का और 15 चौके लगाते हुए 137 रनों की शतकीय पारी खेली।

# 8.40 करोड़ में बिके आकिब की दिलचस्प दास्तां



● बारामूला जिले के तेज गेंदबाज को पिता डाक्टर बनाना चाहते थे, परीक्षा भी दी, दिल्ली के लिए खेलेंगे

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को आईपीएल आक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 8. 40 करोड़ रुपए में खरीदा। इस सफलता के पीछे आकिब की मेहनत के साथ उनके परिवार का भी अहम योगदान रहा। आकिब के पिता गुलाब नबी डार ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि उनका सपना था कि बेटा डाक्टर बने। इसी वजह से आकिब ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए परीक्षा भी दी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गए। इसके बाद उन्होंने दोबारा परीक्षा देने से इन्कार कर दिया और क्रिकेट को ही अपना करियर बनाने का फैसला किया, जो आज उन्हें आईपीएल तक ले आया। नबी ने बताया कि आकिब पढ़ाई में भी अव्वल था। उसने आठवीं और दसवीं कक्षा में जोनल लेवल पर टॉप किया था और 12वीं में साइंस स्ट्रीम चुनी। पढ़ाई के साथ-साथ वह बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेलता रहता था। 12वीं के बाद जब वह गांव से कॉलेज की पढ़ाई के लिए बारामूला गया, तो उसका फोकस क्रिकेट पर और बढ़ गया। गुलाब नबी ने कहा कि उन्होंने बेटे से बस इतना कहा था कि अगर क्रिकेट ही खेलना है, तो पूरी मेहनत और ईमानदारी से खेलो। आकिब की एक बहन भी है, जिसने साइंस से पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है। गुलाब नबी ने कहा कि आक्शन के वक्त घर में जश्न का माहौल था। पिछले दो-तीन सालों से आकिब डोमेस्टिक क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, इसलिए उन्हें भरोसा था कि कोई न कोई टीम उसे जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा रकम की उम्मीद थी, लेकिन जो भी मिला, अल्लाह की मेहरबानी है और वही उनके लिए बेहतर है। इस रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बालर आकिब अपनी सटीक यार्कर और बेहतरीन लेंथ के लिए पहचाने जाते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में आकिब ने 7 मैचों में 15 विकेट झटके थे। वहीं 29 साल के आकिब रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन के पहले फेज में 29 विकेट के साथ दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ सिद्धार्थ देसाई हैं, जिनके नाम 35 विकेट हैं। दिलीप ट्रॉफी के इस सीजन में आकिब ने इतिहास रच दिया। वे टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इसके साथ ही उन्होंने 1979 के फाइनल में कपिल देव द्वारा बनाए गए तीन गेंदों पर तीन विकेट (हैट्रिक) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नार्थ जोन की ओर से ईस्ट जोन के खिलाफ खेलते हुए आकिब ने 28 रन देकर 5 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के साथ वे दिलीप ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाजों कपिल देव और साईराज बहुतुले की सूची में शामिल हुए और चार लगातार विकेट लेकर उनसे भी आगे निकल गए। दो आईपीएल टीमों के नेट बालर रहे आकिब इससे पहले दो आईपीएल टीमों के साथ नेट बालर की भूमिका निभा चुके हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और एसआरएच के लिए नेट बालर रहे हैं।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया: यूपी फ्रेंचाइजी की यूपी प्रोमेथियंस शामिल

● अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फ्रेंचाइजी की घोषणा हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** शूटिग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) ने गुरुवार को अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले अपने पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस को लीग में शामिल करने की घोषणा की। यहां इस अवसर पर लीग में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए, एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि हमें शूटिग लीग ऑफ इंडिया परिवार में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश में खेल की अपार क्षमता है और एक मजबूत शैक्षिक और विकासात्मक दर्शन वाली फ्रेंचाइजी के आने से लीग को बहुत फायदा होगा। बुनियादी ढांचे और शिक्षा के माध्यम से अवसर पैदा करने की मुकेश शर्मा की प्रतिबद्धता एसएलआई के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। एक स्थाई इकोसिस्टम बनाना जो प्रतिभा को पोषित करे, युवाओं को प्रेरित करे, और भारतीय शूटिग को अगले स्तर पर ले जाए। लीग में प्रवेश को लेकर फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस के मालिक मुकेश शर्मा ने कहा कि शूटिग भारत के सबसे मजबूत ओलंपिक खेलों में से एक है और उत्तर प्रदेश में इस सफर में बहुत बड़ी भूमिका निभाने की प्रतिभा और क्षमता है।

यूपी प्रोमेथियंस के जरिए, हमारा मकसद एक स्ट्रक्चर्ड, प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म बनाना है जहां एथलीटों को सही इंफास्ट्रक्चर, कोचिग और कॉम्पिटिटिव एक्सपोजर के साथ सपोर्ट मिले। शूटिग लीग ऑफ इंडिया इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और मुझे इस पहले सीजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 19 दिसम्बर 2025

## जी राम जी बिल पारित

हालिया विरोध के बावजूद आखिर सरकार लोकसभा में भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी विधेयक 2025 लोकसभा में पारित करने में सफल हो गई। इस विधेयक को मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने इस बिल के पक्ष में संसद में उम्मीद जताई है कि यह विधेयक महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम करेगा। यह विधेयक गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श समाज की स्थापना करेगा। शिवराज सिंह चौहान के अनुसार कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। इस विधेयक पर लोकसभा में मध्य रात्रि तक बहस चली। जहां सत्ता पक्ष इस विधेयक के फायदे गिना रहा है, वहीं कांग्रेस व अन्य उसके सहयोगी विपक्षी दल उसका जमकर विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी ने जमकर इस बिल का विरोध किया और कहा कि यह संशोधन विधेयक 2025 गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा, क्योंकि उनकी नजर में इसका बोझ राज्यों पर पड़ने वाला है। इसलिए यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि मनरेगा में जहां एक वर्ष में सौ दिनों की काम की गारंटी दी गई थी, इस विधेयक में 125 दिनों की गारंटी दी गई है, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं मानती। प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सौ दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है और इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के अनुसार योजना देश के गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालात में साथ देती थी। भले ही मनरेगा को खत्म कर दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस के रूप से लगता है कि वह इस मुद्दे को ऐसे नहीं छोड़ने वाली और इसे लेकर दूर तक जाने वाली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा भी कि यह मनरेगा का केवल नाम बदलने का मामला नहीं है बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार योजना की योजनाबद्ध हत्या है और नए विधेयक के जरिये भाजपा सरकार उस अधिकार को छीन रही है जो कांग्रेस ने दिया था। यह काम के अधिकार को छीनने की जरूरत है। यह बड़ा मुद्दा है और पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग व गरीबों के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस मनरेगा को लेकर हर राज्य और जिले में लड़ेगी, सरकार की भले ही इसके पीछे कुछ भी मंशा रही हो और मनरेगा में सरकार को खामियां ही खामियां नजर आ रही हों, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि इस योजना के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूरों को लाभ पहुंचा है। खामियां हर योजना में होती हैं, अच्छा होता कि सरकार सबको साथ लेकर आगे बढ़ती।

### मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है योगी सरकार



योगी सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है, भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है, एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है, सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है, खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी, धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है, कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## बॉन्डी बीच हमले पर दिखी एक साधारण इंसान की वीरता

रजनीश कपूर





हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुआ आतंकी हमला पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। 14 दिसंबर 2025 को हनुक्का उत्सव के दौरान यह दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए। आतंकवादी साजिद अक्रम और उनके बेटे नवेद अक्रम थे, जो इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित थे। यह हमला न केवल यहूदियों पर लक्षित था, बल्कि मानवता पर एक बड़ा आघात था। ऐसे में जब चारों तरफ अफरा-तफरी और डर का माहौल था, एक साधारण इंसान ने जो साहस दिखाया, वह न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि हमें यह सिखाता है कि संकट की घड़ी में आम आदमी भी असाधारण बहादुरी दिखा सकता है। एक साधारण नागरिक, अहमद अल-अहमद ने जो साहस दिखाया, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। जब चारों तरफ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे, उस वक्त अहमद ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने एक हमलावर की ओर दौड़ लगाई, उससे बंदूक छीनी और उसे निरस्त्र कर दिया। इस संघर्ष में अहमद खुद घायल हो गए, लेकिन उनकी इस बहादुरी से अनगिनत जानें बच गईं। वीडियो फुटेज में साफ दिखता है कि कैसे एक आम इंसान ने मौत को आंखों में झांककर आतंकवादी का मुकाबला किया। अहमद अल-अहमद कोई प्रशिक्षित सैनिक नहीं हैं और न ही कोई पुलिस अधिकारी हैं। 43 वर्षीय अहमद एक सीरिया मूल के मुस्लिम हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में फल बेचने का साधारण काम करते हैं। लेकिन, जब संकट आया तो उन्होंने सोचा नहीं, बस आगे बढ़ गए। यह वीरता हमें याद दिलाती है कि साहस दिल में होता है, पद या हथियार में नहीं। आज की दुनिया में जहां आतंकवाद जैसे खतरे बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे उदाहरण दुर्लभ लेकिन बेहद जरूरी हैं। अहमद की यह बहादुरी न केवल बॉन्डी बीच के पीड़ितों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा बन गई है। अहमद की यह वीरता इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था और अहमद खुद एक मुस्लिम हैं।

उन्होंने साबित कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह घृणा और हिंसा की विच. ारधारा है, जो किसी भी समुदाय को निशाना बना सकती है, लेकिन साहस और मानवता की भावना हर धर्म और समुदाय में मौजूद है। अहमद ने न केवल यहूदियों की जान बचाई, बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय को एक संदेश दिया कि सच्चा धर्म सेवा और सुरक्षा में है, न कि हिंसा में। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री और पुलिस ने उन्हें श्हीरोश करार दिया है।


अस्पताल में भर्ती अहमद ने कहा कि वे फिर से वही करेंगे, क्योंकि उन्होंने निर्दोषों को मरते देखा और चुप नहीं रह सके। दुनिया भर के नेताओं ने उनकी प्रशंसा की और 'गोफंडमी' जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके लिए सहायता राशि जुटाई जा रही है। यह सम्मान उन्हें इसलिए मिला क्योंकि उन्होंने साबित किया कि एक साधारण व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। आतंकवाद आज वैश्विक समस्या है। भारत हो या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस हो या अमेरिका . कहीं न कहीं नफरत की यह आग भड़कती रहती है। ऐसे में सरकारें, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अपना काम करती हैं, लेकिन कभी-कभी स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ती है कि आम नागरिक को ही आगे आना पड़ता है। बॉन्डी बीच की घटना हमें यही सिखाती है। अगर हम डरकर चुप रहें, भागें या नजर फेर लें, तो आतंकवादी अपने मकसद में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन अगर एक व्यक्ति भी खड़ा हो जाए, तो पूरी स्थिति बदल सकती है।

अहमद ने यही किया। उनकी वीरता ने न केवल हमलावर को रोका बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित किया कि संकट में एकजुट होकर मुकाबला करें। भारत जैसे देश में, जहां हम आए दिन आतंकी खतरों का सामना करते हैं, अहमद की यह कहानी विशेष रूप से प्रासंगिक है। याद कीजिए 26/11 के मुंबई हमलों में ताज होटल के कर्मचारियों ने कैसे जान जोखिम में डालकर मेहमानों को बचाया था। यानी आम नागरिकों की बहादुरी भी कम नहीं। बॉन्डी बीच की घटना हमें बताती है कि साहस कोई जन्मजात गुण नहीं, बल्कि परिस्थिति में लिया गया निर्णय है। हमें अपने बच्चों को यही सिखाना चाहिए . कि गलत के खिलाफ खड़ा होना जरूरी है, चाहे परिणाम कुछ भी हो। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और आराम की जिंदगी में डूबी है। ऐसे में अहमद जैसे उदाहरण उन्हें जगाते हैं। वे दिखाते हैं कि हीरो फिल्मों में नहीं, असल जिंदगी में पैदा होते हैं। एक साधारण इंसान, जब फैसला लेता है कि अब बस बहुत हुआ, तो वह असाधारण बन जाता है। अहमद की कहानी हमें यह भी सिखाती है कि विविधता में एकता ही हमारी ताकत है। ऑस्ट्रेलिया एक बहुसांस्कृतिक देश है, ठीक भारत की तरह। वहां मुस्लिम नागरिक ने यहूदी समुदाय को बचाया . यह संदेश दुनिया भर में फैलना चाहिए कि नफरत की विचारधारा को हराने के लिए हमें सीमाओं से ऊपर उठना होगा। सरकारों को भी इस घटना से सबक लेना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में बंदूक कानूनों को और सख्त करने की बात हो रही है। भारत में भी आतंकवाद विरोधी नीतियों को मजबूत करना जरूरी है। लेकिन साथ ही, नागरिकों में जागरूकता और साहस का संचार भी आवश्यक है।

स्कूलों में, सामुदायिक कार्यक्रमों में ऐसी कहानियां सुनाई जानी चाहिए जो लोगों को प्रेरित करें। अहमद अल-अहमद की वीरता को दुनिया भर में सम्मानित किया जाना चाहिए, जैसे कि कोई पुरस्कार या कोई स्मारक। क्योंकि ऐसे लोग समाज के असली रक्षक होते हैं। बॉन्डी बीच हमला दर्दनाक है, लेकिन अहमद की बहादुरी इसे उम्मीद की कहानी बना देती है। यह हमें याद दिलाती है कि अंधेरे में भी प्रकाश होता है, बशर्ते हम दिया जलाने की पहल करें। हर आम इंसान में एक हीरो छिपा है। जब कभी संकट आए, तो डरें नहीं, आगे बढ़ें। अहमद की तरह साहस दिखाएं। यही हमारी जीत होगी, केवल आतंकवाद पर नहीं, बल्कि मानवता की जीत।

## प्राचीन सौर तूफान से तबाही के चिन्ह

**सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवे. शित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।**



लगभग 14,300 साल पहले फ्रांस स्थित चीड़ के जंगल में एक असाधारण घटना घटी थी, जिसके निशान हाल ही में उजागर हुए हैं। मियाके इवेंट नामक इस घटना में सौर कणों की इतनी शक्तिशाली बमबारी हुई थी कि ऐसी घटना यदि आज हुई होती तो इससे संचार उपग्रह तो नष्ट होते ही, साथ में दुनिया भर की बिजली ग्रिड को भी गंभीर नुकसान हुआ होता। यह दिलचस्प जानकारी पेरिस स्थित कॉलेज डी फ्रांस के जलवायु विज्ञानी एडुआर्ड बार्ड के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन से मिली है। उन्होंने फ्रांस के आल्प्स जंगलों में नदी के किनारे दबे पेड़ों के वलयों की जांच करके यह जानकारी दी है। ऐसा माना जाता है कि मियाके घटनाएं सूर्य द्वारा उत्सर्जित उच्च-ऊर्जा प्रोटॉन्स के परिणामस्वरूप होती हैं, क्योंकि आधुनिक समय में अभी तक ऐसी कोई भी घटना नहीं देखी गई है इसलिए वैज्ञानिक इस रहस्य को जानने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवेशित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।

विशेषज्ञों के अनुसार आखिरी ग्लेशियल मैक्सिमम के अंत में बर्फ की चादरों के पिघलने से नदियों का बहाव तेज हो गया। बहाव के साथ आने वाली तलछट के नीचे ऑक्सीजन विहीन पर्यावरण में पेड़ों के तने संरक्षित रहे। ये पेड़ आज भी सीधे खड़े हैं। 172 पेड़ों से लिए गए कार्बन-14 नमूनों का अध्ययन करने पर 14,300 साल पहले कार्बन-14 की अतिरिक्त मात्रा का पता चला। समय की सही गणना के लिए शोधकर्ताओं ने सौर गतिविधि के एक अन्य संकेतक-बर्फीली कोर में बेरीलियम-10 - अध्ययन किया और पाया कि कार्बन-14 और बेरीलियम-10 दोनों में वृद्धि एक ही समय दर्ज हुई हैं, जो अभूतपूर्व सौर गतिविधि का संकेत है।

फिलॉसॉफिकल ट्रांजेक्शन्स ऑफ रॉयल सोसायटी-ए में प्रकाशित यह खोज इसलिए दिलचस्प मानी जा रही है कि यह घटना अपेक्षाकृत शांत सौर हलचल के दौरान हुई। अनुमान है कि सूर्य की सतह के नीचे चुंबकीय क्षेत्र बनकर सौर तूफान के रूप में फूट गया होगा। वैज्ञानिक सौर तूफानों की आवृत्ति और उसके नतीजों को बेहतर समझने का प्रयास कर रहे हैं। आज प्रौद्योगिकी पर हमारी अत्यधिक निर्भरता के कारण इनके परिणाम घातक हो सकते हैं। संचार, पॉवर ग्रिड और जीपीएस पर निर्भर वित्तीय बाजार अधिक प्रभावित होंगे।

**स्रोत फीचर्स**

## दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा ह्रदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**




प्रयागराज। वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता।

## चीन ने हैनान के मुख्य बंदरगाह द्वीप पर शुरू किए विशेष कस्टम अभियान

**बीजिंग।** चीन ने हैनान के मुक्त व्यापार बंदरगाह (एफटीपी) पर विशेष सीमा शुल्क अभियान शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशी सामानों का आसान प्रवेश, बिना शुल्क दिए व्यापार और उसके अधिक अनुकूल उपायों लागू करना है। इस कदम को दुनियाभर में बढ़ते संरक्षणवाद के समय में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और खुलेपन का विस्तार करने के चीन के चल रहे प्रयासों के तहत एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत 30000 वर्ग किमी से अधिक के इस द्वीप को एक विशेष कस्टम निगरानी क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले पर हमें बेवजह बदनाम किया: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि आस्ट्रेलिया में आतंकी हमले को लेकर उन्हें बेवजह बदनाम किया गया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इसे भारत-इजरायल जैसे दुश्मन देशों की साजिश बताया। मीडिया ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हमलावर को पाकिस्तान से जोड़ने का मकसद देश की छवि को खराब करना था। उन्होंने कहा कि बिना किसी सबूत और दस्तावेज के पाकिस्तान पर आरा.प लगाए गए। तरार ने आरोप लगाया कि इस झूठी खबर को खासतौर पर भारत और इजरायल में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए फैलाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि झूठी खबरों से पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ।

# लंदन में मिले भारत के दो भगोड़े

## देश से फरार कारोबारी ललित मोदी ने ऐसे मनाया विजय माल्या का 70वां जन्मदिन

**लंदन।** देश से फरार कारोबारी ललित मोदी और विजय माल्या एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है लंदन में हुई एक भव्य पार्टी, जिसमें ललित मोदी ने अपने दोस्त माल्या के 70वें जन्मदिन से पहले खास आयोजन किया।

भारत में जिन दोनों पर करोड़ों रुपये के घोटाले और कर्ज न चुकाने के आरोप हैं, वे विदेश में खुलकर जश्न मनाते नजर आए। पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने यह प्री-बर्थडे पार्टी अपने लंदन स्थित आल.ीशान घर में रखी। विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था। 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी। पार्टी की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर



विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था, 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी

जिम राइडेल ने सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने ललित मोदी और विजय माल्या की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि ललित ने अपने सुंदर घर में विजय माल्या के लिए शानदार प्री-70वां बर्थडे पार्टी रखी। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ललित मोदी ने लिखा कि सभी मेहमानों का धन्यवाद, जिन्होंने उनके घर आकर उनके दोस्त विजय माल्या का जन्मदिन मनाया। इसके बाद विजय माल्या ने भी इस पोस्ट को रीट्वीट किया। इस पार्टी में मशहूर बिजने.सवुमन और बायोकान की संस्थापक किरण मजूमदार-शा भी मौजूद रहीं। इसके अलावा हालीवुड अभिनेता इद्रिस एल्बा और फेमस फैशन डिजाइनर मनोवीराज खोसला भी पार्टी में नजर आए। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में किरण मजूमदार-शा को कभी मनोव.ीराज खोसला के साथ खड़े देखा गया तो कभी वह इद्रिस एल्बा से बातचीत करती दिखीं। जिम राइडेल ने इंस्टाग्राम पर पार्टी का इनविटेशन कार्ड भी साझा किया। इस कार्ड में लिखा था कि रीमा और ललित अपने प्रिय मित्र विजय माल्या के सम्मान में एक ग्लैमरस शाम का आयोजन कर रहे हैं। कार्ड में विजय माल्या को 'किंग आफ गुड टाइम्स' कहा गया था। यह पहली बार नहीं है जब ललित मोदी और विजय माल्या साथ दिखे हों। इससे पहले 29 नवम्बर को ललित मोदी ने लंदन में अपना 63वां जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया था। यह पार्टी लंदन के मैफेयर इलाके के मशहूर मैडाक्स क्लब में आयोजित की गई थी। उस पार्टी में भी विजय माल्या शामिल हुए थे।

# भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता

## आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत, खाड़ी क्षेत्र में भारतीय उत्पादों के लिए खुला रास्ता

### मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान ने आज अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।

व्यापारिक नजरिये से देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डालर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डालर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा। ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डालर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्रा 5.31 प्रतिशत है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा। मोड 4 यानी पेश.ेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कारपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है। भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफ: आईटी, बिजनेस सर्विसेज, आडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कर सकेंगी। शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, काफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें (इनस.सपवद) और स्क्रैप धातु जैसे संवे.दनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा (टीआरआईक्यू) उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों। ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। ब्रिटेन के बाद पिछले 6 महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर 'सामाजिक सुरक्षा समन्वय' पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

## पीएम मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान

**मस्कट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। ओमान ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें 'आर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया है। राजधानी मस्कट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। पीएम मोदी अभी ओमान के दौरे पर है, जो उनके तीन देशों के दौरे का अंतिम पड़ाव है, वे आज ही ओमान से वापस स्वदेश लौटेंगे। वे 15 से 18 दिसम्बर के बीच जार्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर गए थे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया ने भी 'ग्रेट आनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया था। यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डा. अबी अहमद अली ने उन्हें दिया था। बता दें कि पीएम मोदी इस सम्मान को पाने



द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मिला 'आर्डर ऑफ ओमान'

वाले दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है।


## भारत और नीदरलैंड रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और सहयोग बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्येगिकी तथा उद्योग के क्षेत्रा में सहयोग बढाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्राों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद थे। सिंह ने यहां वैन के साथ वार्ता की और दोनों देशों के बीच मजबूत तथा बढ़ती रक्षा साझेदारी की पुष्टि की। दोनों मंत्रिायों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्राों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रणनी.तिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य-से-सैन्य सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बातचीत के दौरान भारत और नीदरलैंड ने स्वतंत्रा, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्रा के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मंत्रिायों ने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को खासकर विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्रा में जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड की राजदूत सुमारिसा गेराड्र्स ने रक्षा सहयोग पर आशय पत्रा का आदान-प्रदान किया।

## दिल्ली से मुंबई तक भारत हार नहीं भूलेगा: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया।

शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का पाकिस्तान पर गलत इल्जाम लगाया है। इसके बाद उन्होंने हम पर सैन्य कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। ये आतंकी पाकिस्तान से जुड़े थे। 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने टूरिस्ट्स पर गोली चलाई थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। शहबाज इससे पहले भी ऐसी बयानबाजी कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने सितम्बर में भारत के 7 विमान



पाकिस्तानी पीएम ने कहा: मोदी सरकार को सबक सिखाया, 6 लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया

गिराने का दावा किया था। उन्होंने यूएन में दिए गए भाषण में भारत पर पाकिस्तान की जीत का दावा किया था। शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत का कटरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ।

## वेनेजुएला के साथ जंग की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ब्राडकास्टर टकर कार्लसन ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला के साथ युद्ध की घोषणा कर सकते हैं। टकर कार्लसन ने यह बात अपने आनलाइन शो 'जजिंग फ्रीडम' में कही। उनके मुता.बिक, एक अमेरिकी सांसद ने उन्हें बताया कि सांसदों को ट्रम्प के संबोधन से पहले एक बंद कमरे में ब्रीफिंग दी गई थी।

इस ब्रीफिंग में कहा गया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सैन्य टकराव की स्थिति बन सकती है और राष्ट्रपति इसे भाषण में सार्वजनिक कर सकते हैं। यह दावा ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से

- अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: वेनेजुएला ने हमारी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था, चुराई संपति वापस करे
- वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था

छीन लिया गया था। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला ने 1976 में अमेरिकी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था और उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली थी। ट्रम्प ने वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाते हुए प्रतिबंधित तेल टैंकरों के वेनेजुएला आने-जाने पर पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया है। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर लिखा कि वेनेजुएला दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी नौसेना घेराबंदी से घिरा हुआ है। यह घेराबंदी और बढ़ेगी, जब तक कि वेनेजुएला अमेरिका से चुराए गए तेल, जमीन और दूसरी संपत्तियों को वापस नहीं लौटाता। ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। दरअसल, 1976 में वेनेजुएला की सरकार ने (राष्ट्रपति कार्लोस आंद्रेस पेरेज के समय) पूरे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसका मतलब था कि विदेशी तेल कंपनियां (ज्यादातर अमेरिकी, जैसे एक्सान, गल्फ आयल, मो.बिल आदि) जो दशकों से वहां तेल निकाल रही थीं, उनके सभी आपरेशंस और संपत्तियां वेनेजुएला की नई सरकारी कंपनी पेट्रोलियोस डे वेनेजुएला (पीडीवीएसए) के पास चली गईं।

## इजरायल, मिस्र के बीच ऐतिहासिक गैस निर्यात समझौता

**काहिरा।** इजरायल ने मिस्र के साथ देश के इतिहास का सबसे बड़ा गैस निर्यात समझौता किया है, जिसकी कीमत 112 बिलियन शेकेल (34.6 बिलियन डॉलर) है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल के प्रिय नागरिकों, आज मैंने इजरायल के इतिहास के सबसे बड़े गैस सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदे 112 बिलियन शेकेल का है। इसमें से 58 बिलियन शेकेल (17.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सरकारी खजाने में जाएंगे। अमे.रिकी कंपनी शेवरॉन के साथ हुए इस सौदे में इजरायली भागीदार भी शामिल हैं और वे मिस्र को गैस की आपूर्ति करेंगे।

## हिजाब विवाद पर पाकिस्तान का आया बयान

### इस्लामाबाद ने भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया

**इस्लामाबाद।** भारतीय राज्य बिहार में मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार से जुड़े एक विवादित वीडियो को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब कथित तौर पर जबरन हटाने की घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान ने इसे भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गुरुवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एक वरिष्ठ राजनी.तिक नेता द्वारा सार्वजनिक मंच पर एक मुस्लिम महिला का हिजाब जबरन हटाना और फिर उसका मज़ाक उड़ाया जाना बेहद चिंता.जनक है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पत्राकारों से बात करते हुए कहा: इस तरह की घटनाएं भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुस्लिम समुदाय के साथ हो रहे



यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ

दुर्व्यवहार को दर्शाती हैं। पाकिस्तान ने भारत सरकार से अपील की कि वह इस घटना की गंभीरता को समझे, अल्पसंख्यकों के अधिक.ारों की रक्षा करे, धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करे और मानवीय गरिमा को सुरक्षित रखे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब हटाते नजर आ रहे हैं। यह घटना 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक नियुक्ति पत्रा वितरण समारोह के दौरान हुई, जहां डाक्टरों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम की तस्वीरें अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं, लेकिन जिस महिला डाक्टर का हिजाब हटाने का आरोप है, उसकी तस्वीरें पोस्ट में शामिल नहीं हैं। वीडियो सामने आने के बाद देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। घटना के बाद विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने मुख्यमंत्री के व्यवहार को असंवेदनशील और अपमानजनक बताया। कई लोगों का कहना है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे नेता से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती, खासकर जब मामला धार्मिक आस्था और व्यक्तिगत सम्मान से जुड़ा हो।






# 'टैरिफ' मेरा फेवरेट अंग्रेजी शब्द: ट्रम्प

## कहा: इससे 8 जंग रुकवाई, अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि टैरिफ अंग्रेजी का उनका फेवरेट शब्द है। ट्रम्प ने दावा किया कि इसकी मदद से उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 महीनों में दुनिया भर में 8 युद्धों को रोका। ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के 11 महीने पूरे होने पर व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता छोड़ते समय उन्हें एक बड़ा संकट सौंपा था।

ट्रम्प ने अमेरिका में महंगाई के मुद्दे को नजर.अंदाज करते हुए जोर दिया कि कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रम्प के भाषण की आलोचना की है। सांसद



विपक्ष बोला: राष्ट्रपति सिर्फ 'मैं' 'मैं' करते हैं

क्रिस वैन होलेन ने कहा कि आज रात ट्रम्प ने कितने झूठ बोले, इसका हिसाब रखना तो मुश्किल है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रम्प पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राष्ट्रपति के भाषण में सिर्फ एक शब्द सुनाई दिया, मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अब दुनिया अमेरिका का मजाक नहीं उड़ाती, बल्कि उसका सम्मान करती है। ट्रम्प ने आगे कहा कि हमारा राष्ट्र मजबूत है। अमेरिका का सम्मान है, और हमारा देश पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा है। हम एक ऐसे आर्थिक उछाल के लिए तैयार हैं जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रम्प ने अपने भाषण में महंगाई और जीवन यापन पर ज्यादा बात नहीं की। हालांकि उन्होंने कहा कि किराने का सामान, कारें और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे आ रही हैं। अपनी खास नीतियों से बढ़ी महंगाई को वे ठीक कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ऊर्जा और भोजन की कीमतें अब नियंत्राण में आ रही हैं। हालांकि, आधिका.रिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भोजन और ऊर्जा की कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं। ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को भी कीमतें बढ़ाने का एक कारण बताया जा रहा है, हालांकि वे इन्हें देश के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत बताते हैं।

## कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष में अब तक 18 नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर जारी झड़पों के बीच कंबोडिया में नागरिकों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 18 हो गया है। कंबोडिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता टच सोखक ने गुरुवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार शाम 6 बजे तक संघर्ष में मारे गए कंबोडियाई नागरिकों की कुल संख्या 18 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। सोखक ने कहा कि विस्थापित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 144066 परिवारों तक पहुंच गई है, जिसमें 476179 व्यक्ति शामिल हैं। इनमें 240000 से अधिक महिलाएं और लगभग 130000 बच्चे शामिल हैं।